वर्ष : 17 अंक : 028 लखनऊ बुधवार, 29 जनवरी 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-



# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 06:53
सूर्यास्त : 05:46
अधिकतम : 20:00°
न्यूनतम : 10:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **

नानक पंथी और बौद्ध संतों का होगा सम्मान 2 | बजट में पैकेज का बेसब्री से इंतजार 6 | एक आखिरी मौका दे रहे हैं: सुप्रीम कोर्ट 12

# मौनी अमावस्या का आज अमृत स्नान

- त्रिवेणी की रेती पर भारी भीड़, संगम से 15 किमी तक सड़क-गलियां पैक
- मौनी अमावस्या से एक दिन पहले 4.64 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**विश्ववार्ता टीम**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ में मंगलवार को 4.64 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इस तरह आज महाकुम्भ नगर दुनिया का सबसे बड़ा जिला बन गया है। वहीं,13 जनवरी से अब तक कुल 17.15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। उम्मीद है कि मौनी अमावस्या पर आठ से दस करोड़ श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाएंगे। मौनी अमावस्या से पहले ही मंगलवार को स्थिति ऐसी है कि सड़कें-गलियां सब फुल हैं। त्रिवेणी की रेती पर भारी भीड़ जमा हो गई है। लोगों का आना जारी है। संगम से 15 किमी तक जाम ही जाम है। इलाके में हाई अलर्ट है।

महाकुम्भ में रात होते-होते भीड़ तेजी से बढ़ती जा रही है। हर तरफ सिर्फ सिर ही सिर दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज की सड़कों से लेकर गलियां तक फुल हैं। भीड़ संभालने के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी है, लेकिन आने वाली भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ दे रही है। ऐसा ही शास्त्री ब्रिज पर देखने को मिला। यहां भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। वहीं, महाकुम्भ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया।

आस्था का सैलाब-1



**महाकुम्भ नगर बना दुनिया का सबसे बड़ा जिला:** महाकुम्भ नगर में मंगलवार के दिन में श्रद्धालुओं और यहां के रहने वालों की संख्या 5.34 करोड़ रिकॉर्ड की गई। ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी महाकुम्भ नगर ने पीछे छोड़ दिया।

## अखाड़ों का अमृत स्नान ब्रह्म मुहूर्त 4 बजे से

मौनी अमावस्या का अमृत स्नान ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजे से शुरू होगा। सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़े के नागा संन्यासी स्नान करेंगे। महानिर्वाणी अखाड़े के साथ श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी स्नान करेगा। सुबह 5.50 पर निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा स्नान करेगा। सुबह 6.45 बजे जूना अखाड़ा, आवाहन अखाड़ा और पंच अग्नि अखाड़ा स्नान करेगा। सुबह 9.25 पर बैरागी अखाड़े स्नान करेंगे। 10.05 पर दिगंबर अनि अखाड़ा स्नान करेगा। 11.05 बजे पर निर्मोही अनि अखाड़ा स्नान करेगा। सबसे अंत में उदासीन परंपरा के तीनों अखाड़े स्नान करेंगे। 12 बजे पर पंचायती नया उदासीन अखाड़ा स्नान करेगा। दोपहर 13.05 पर पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन स्नान करेगा। सबसे अंत में पंचायती निर्मल अखाड़ा दोपहर 2.25 पर स्नान करेगा। अखाड़े का स्नान लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहता है। महाकुंभ में 144 साल बाद दुर्लभ शुभ संयोग बन रहा है।

### योगी ने दी शुभकामनाएं



सीएम योगी आदित्यनाथ ने मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ पहुंच रहे श्रद्धालुओं और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। योगी ने एक्स पर लिखा, सनातन आस्था के महापर्व पर मौनी अमावस्या के महाव्रत में शामिल होने वाले सभी पूज्य संतों, साधकों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं।

### होगी पुष्प वर्षा

राज्य सरकार ने कहा कि उसने मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को सुबह पौने सात बजे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करने की योजना बनाई है। अमृत स्नान (पूर्व में शाही स्नान), मेले का सबसे पवित्र और सबसे बड़ा स्नान पर्व होता है, जिसमें दुनियाभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए आते हैं।

### सलाह: क्या करें?

- संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं।
- स्नान को जाते समय अपनी लेन में रहें।
- आने वाले श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं।
- मंदिरों में दर्शन को जाते समय अपनी लेन में रहें, वहां से गंतव्य के लिए जाएं।
- जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें।
- ट्रैफिक पुलिस भी आपकी मदद के लिए तत्पर है।
- स्वास्थ्य संबंधी समस्या पर नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में जांच कराएं।
- बैरिकेडिंग व पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी व धक्कामुक्की से बचें।
- कागज, जूट या इको फ्रेंडली बर्तनों और कुल्हड़ का ही प्रयोग करें।
- सभी घाट संगम घाट हैं, जिस घाट पर पहुंच जाएं वहीं स्नान करें।

### क्या न करें?

- श्रद्धालु एक साथ, एक स्थान पर ना रुकें।
- किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने न पड़ें।
- मेले में किसी द्वारा फैलाई गई अफवाहों पर ध्यान न दें।
- सोशल मीडिया पर फैलाए गए किसी भी भ्रम को सच न मानें।
- मंदिरों में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं।
- होल्डिंग एरिया के बजाय रास्तों पर न रुकें, अवरोध न उत्पन्न करें।
- व्यवस्था या सुविधा को लेकर किसी के भी बहकावे में आने से बचें।
- किसी प्रकार की भ्रामक खबरों को आगे बढ़ाने से बचें।
- पवित्र स्नान के लिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें।
- प्लास्टिक की पन्नियों और बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें।

**हर चार मिनट में एक ट्रेन का मूवमेंट:** हर चार मिनट में एक ट्रेन का रिकॉर्ड मूवमेंट हो रहा है। इसके लिए 190 मेला स्पेशल और 130 रूटीन ट्रेन चलाई जा रही हैं। रेलवे बोर्ड के सीआरबी और सीईओ सतीश कुमार ने बताया कि मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा और 26 फरवरी को महाशिवरात्रि को ध्यान में रखते हुए महाकुम्भ के दौरान 13 हजार से अधिक ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें 10 हजार रेगुलर व तीन हजार से अधिक मेला स्पेशल हैं।

**पुलिस का सहयोग करें:** एसएसपी महाकुम्भ नगर राजेश द्विवेदी ने बताया कि मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो सजग रहें और किसी तरह की अफवाह में न फंसें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की समस्या में पुलिस का सहयोग लें।

**30 तक स्कूल बंद, हाईकोर्ट में भी अवकाश:** मौनी अमावस्या पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। उम्मीद है कि इस बार एक दिन में करीब 10 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। उधर, मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर होने वाली भीड़ के कारण हाईकोर्ट की प्रधान पीठ, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट), जिला न्यायालय और नगर क्षेत्र के 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई हैं। रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ में 28 व 30 जनवरी को अवकाश रहेगा। इसके स्थान पर 17 मई और 23 अगस्त को कार्य दिवस होगा।

## राम मंदिर ट्रस्ट की अपील अभी अयोध्या आने से बचें

आस्था का सैलाब-2



मंगलवार को अयोध्या के श्रीराम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**अयोध्या।** महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु काशी और अयोध्या की ओर रुख कर रहे हैं, जिसके चलते अयोध्या में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। इतनी बड़ी तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से अयोध्या की हर गली पट गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को काबू करने में पुलिस प्रशासन के भी पसीने छूट रहे हैं। अयोध्या में दिन पर दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। बुधवार को मौनी अमावस्या के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में और इजाफा हो सकता है। अयोध्या में बढ़ रही भीड़ को देखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट ने सोशल मीडिया पर श्रद्धालुओं से कुछ दिन बाद अयोध्या आने की अपील की है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि प्रयागराज कुम्भ में बुधवार को मौनी अमावस्या का मुख्य स्नान है। अनुमान है कि लगभग 10 करोड़ श्रद्धालु स्नान करेंगे। बहुत बड़ी संख्या में प्रयागराज से भक्तजन अयोध्या पहुंच रहे हैं। ट्रेन और सड़क दोनों प्रकार से श्रद्धालु प्रयागराज से अयोध्या आ रहे हैं। पिछले तीन दिनों से अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हुई है। अयोध्या धाम की जनसंख्या एवं आकार को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इतनी अधिक संख्या में भक्तों को एक दिन में रामलला के दर्शन कराना बहुत कठिन है।

### अयोध्या में बना क्राउड मैनेजमेंट

अयोध्या में भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज हाईवे पर बीकापुर में क्राउड मैनेजमेंट बनाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ रोड पर पूरा बाजार के पास होल्डिंग एरिया भी बनाया गया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के चलते पुलिस प्रशासन होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं के वाहनों को रोका रहा है। क्राउड मैनेजमेंट को देखते हुए धीरे-धीरे श्रद्धालु के वाहन को अयोध्या की तरफ छोड़ा जा रहा है।

## जहां रूमाल रखो, वहीं वक्फ की संपत्ति यह सिलसिला अब बंद होगा : योगी

- दिल्ली के चुनावी जनसभाओं में गरजे मुख्यमंत्री योगी
- बोले- 'भाईजान' के सामने आने वाला संकट कांग्रेस व आम आदमी पार्टी की परेशानी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ/नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में तीन क्षेत्रों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं कर आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविन्द केजरीवाल और कांग्रेस को निशाने पर रखा। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी वक्फ बोर्ड का नया परिवर्तित रूप है। यह वक्फ माफिया को प्रश्रय देने वाले लोग हैं। जहां रूमाल रखो, वहीं वक्फ की संपत्ति हो गई, यह सिलसिला बंद होगा। भाजपा ने कहा था कि वक्फ माफिया पर शिकंजा कसेंगे। सरकारी जमीन गरीबों के आवास, पट्टा वितरण, विद्यालय, हॉस्पिटल, उद्योग निर्माण के लिए होगी। श्री योगी के समक्ष पूर्व विधायक तेजेन्द्र गर्ग ने भाजपा जॉइन की।

योगी ने कहा, आप और कांग्रेस को अवैध जमीन माफिया के रूप में 'भाईजान' को कब्जा कराने की प्रवृत्ति पर लगने वाले अंकुश से चिंता हो गई है। 'भाईजान' के सामने आने वाला संकट इनकी परेशानी है। इन्होंने टैंकर, सड़क, वक्फ, पटरी, भूमाफिया को पनपाकर राजनीतिक उल्लू को सीधा किया है। उन्होंने कहा, दिल्ली में 10 साल से चल रही आप की सरकार अराजकता का पर्याय बनी है।



दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री योगी जनसभा का अभिवादन करते हुए।

## बागपत में मानस्तंभ की सीढ़ियां गिरीं, 7 की मौत

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**बागपत (बड़ौत)।** बागपत में मंगलवार को जैन समुदाय के निर्वाण महोत्सव के दौरान हादसा हो गया। यहां 65 फीट ऊंचे मंच की सीढ़ियां टूट गईं। इससे कई श्रद्धालु एक दूसरे पर गिर गए। भगदड़ जैसे हालात हो गए। इस हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। 80 से अधिक घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोग खून से लथपथ श्रद्धालुओं को ठेले से अस्पताल पहुंचाते दिखे।

हादसा बागपत शहर से 20 किलोमीटर दूर बड़ौत तहसील में सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। महोत्सव में आदिनाथ भगवान को प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था। 65 फीट ऊंचा लकड़ी का मंच बनाया था। उस पर भगवान की 4-5 फीट ऊंची प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु भगवान तक पहुंचने के लिए मचाननुमा सीढ़ियों से ऊपर चढ़ रहे थे।



- 65 फीट ऊंचाई पर बने मंच पर जाने के लिए बनी थीं लकड़ी की सीढ़ियां
- प्रशासन ने जांच टीम गठित की, आयोजन की ली थी औपचारिक मंजूरी

वजन बढ़ने से पूरा मचान नीचे गिर गया।

कमेटी के संरक्षक प्रमोद जैन ने बताया, ये 26वां निर्वाण महोत्सव था। 65 फिट ऊंचे खंभे पर भगवान आदिनाथ की मूर्ति रखी गई थी। यहां पर हर साल लड्डू निर्माण महोत्सव होता है। खंभे पर चढ़ने के लिए बांस और बल्ली की सीढ़ियां बनाई जाती हैं। आज एक बल्ली खिसक गई, जिससे यह हादसा हो गया। उस समय सीढ़ी पर करीब 50 लोग थे, जो लोग घायल हो गए। उसके बाद कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। सीढ़ी से गिरने से लोगों की मौत हुई है।

डीजीपी ने एसपी से हादसे की जानकारी ली और घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के निर्देश दिए।। वहीं, एसपी ने हादसे के कारणों का पता लगाने की लिए जांच शुरू करा दी है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि जैन समाज द्वारा कार्यक्रम की विधिवत अनुमति ली गई थी। यह महोत्सव परंपरागत है। हर बार महोत्सव का आयोजन होता है। हादसा कैसे हुआ और हादसे में किसकी लापरवाही रही, इसका पता लगाने के लिए जांच कमेटी बनाई जा रही है।

## मार्ग दुर्घटनाओं में 10 मरे, 50 से अधिक घायल

### देवरिया में चार, लखनऊ में दो और रायबरेली में चार की गई जान

**हादसों का मंगलवार**

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** देवरिया, लखनऊ और रायबरेली में हुए सड़क हादसों में कुल 10 लोगों की मौत हो गयी। इसके अलावा बिहार से प्रयागराज जा रही बस पलटने से सहजनवा में 13 यात्री घायल हो गये। वहीं कौशाम्बी जिले के सैनी कोतवाली क्षेत्र के भौतर मोड़ के पास नेशनल हाइवे दो पर हिमाचल प्रदेश के सलोन जिला के अर्की गांव से महाकुम्भ जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस हाइड्रा क्रेन से टकरा गई। हादसे में लगभग 32 लोग घायल हो गए।

देवरिया के महुआडीह थानाक्षेत्र के हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चर्चित 41-41 गैंग के चार सदस्यों की मौत हो गई। चारों एक ही बाइक पर सवार थे। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में सोमवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार दो युवकों की मौत हो गई व एक गंभीर घायल हो गया। तीनों युवक सिनेपोलिस से मंत्री आवास की तरफ जा रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर गाड़ी डिवाइडर से टकरा कर पेड़ से जा भिड़ी। रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र में रायबरेली-प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में लखनऊ के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए।



- बिहार व हिमाचल से महाकुम्भ आ रही बसें पलटी, 50 से अधिक तीर्थयात्री घायल

लखनऊ के तेलीबाग के रहने वाले नौ लोग मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हाईवे स्थित दरियापुर चौराहा पर सलोन से रायबरेली की तरफ सरिया लदी ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी। तेज रफ्तार होने के कारण कार ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई।

पटना से श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज जा रही बस का सहजनवा में रात को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में 13 लोग घायल हो गए। कौशाम्बी के सैनी कोतवाली क्षेत्र के भौतर मोड़ के पास नेशनल हाइवे दो पर हिमाचल के सलोन के अर्की गांव से महाकुम्भ जा रही बस हाइड्रा क्रेन से टकरा गई। हादसे में लगभग 32 लोग घायल हो गए।

## श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में 5 भारतीय मछुआरे घायल

**कोलंबो/नई दिल्ली।** श्रीलंकाई नेवी ने मंगलवार सुबह 13 भारतीय मछुआरों पर फायरिंग कर दी। इसमें 5 मछुआरे घायल हो गए। ये सभी डेल्फ्ट द्वीप के पास मछली पकड़ने गए थे। यह द्वीप श्रीलंका के अधिकार में है। इन मछुआरों का श्रीलंका के जाफना टीचिंग हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है।

भारत सरकार ने फायरिंग को गंभीर मानते हुए श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

## अलीगढ़ में कई वाहन फूंके, हवाई फायरिंग

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ/अलीगढ़।** अलीगढ़ के रोरावर क्षेत्र के इब्राहिमपुर-भीमपुर गांवी में मंगलवार की शाम पुलिस द्वारा आंबेडकर की प्रतिमा को हटाने के बाद बवाल हो गया। मूर्ति को हटाने से गुस्साई भीड़ ने पहले पुलिस पर हमला किया और फिर पुलिस कर्मियों की छह बाइकें फूंक दीं जबकि पुलिस के चार पहिया वाहनों में तोड़फोड़ की। भड़की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। हवाई फायरिंग भी की गई। वहीं भीड़ की तरफ से किए गए पथराव में दस से ज्यादा पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं। एसएसपी समेत सभी आला अफसर कैंप किए हुए हैं। एसएसपी संजीव सुमन का कहना है कि बवाल करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गांव में फोर्स तैनात कर दिया गया है।

- आंबेडकर प्रतिमा हटाने पर बवाल, 10 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल

गांव इब्राहिमपुर-भीमपुर में बघेल समाज और अनुसूचित जाति के लोगों के बीच ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद चला आ रहा है। यहां ग्राम समाज की जमीन के दो प्लॉट खाली पड़े हैं। एक प्लॉट पर 27 जनवरी को बघेल समाज के लोगों ने मंदिर का निर्माण शुरू करा दिया। अनुसूचित जाति के लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से की। पहुंची पुलिस ने मंदिर का निर्माण रुकवा दिया।

वहीं 27 जनवरी की रात को दूसरे प्लॉट पर अनुसूचित जाति के लोगों ने आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी। बघेल समाज के लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। प्रतिमा को हटवाए जाने की मांग होने लगी।

## कच्चा माल जाए, फिर हम रेडिमड खरीदें, यह स्वीकार नहीं : मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत से कच्चा माल विदेशों में जाए और फिर फिनिश होकर आए और हम उसे खरीदें, ऐसा स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अब तो यह ट्रेंड भी बदल रहा है, जो पहले था कि यहां से कच्चे माल का निर्यात होता था और फिर फिनिश आइटम हम खरीदा करते थे।

- कहा- सर्विस सेक्टर में सुधार व नई चीजें लागू हो

उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने को दो ही स्तंभ हैं। सर्विस सेक्टर में सुधार हो और नई चीजें लागू की जाएं। इसके अलावा हम क्वॉलिटी प्रोडक्ट्स तैयार करें। उत्कर्ष ओडिशा कॉनक्लेव का उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश की तेज ग्रोथ सिर्फ कच्चे माल के एक्सपोर्ट पर ही संभव नहीं है।

## इसरो के 100वें मिशन की उल्टी गिनती शुरू

**नई दिल्ली।** इसरो के ऐतिहासिक 100वें मिशन की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 27.30 घंटे की उल्टी गिनती सोमवार देर रात दो बजकर 53 मिनट पर शुरू हुई। श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से जीएसएलवी रॉकेट के जरिए नेविगेशन उपग्रह का प्रक्षेपण 29 जनवरी को होगा। अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन होगा। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। वैसे इसरो के इस मिशन से जो हासिल होगा, उससे आम लोगों को भी कई फायदे होंगे।

सूत्रों के मुताबिक बताया कि स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से 29 जनवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित होगा।

**वक्फ के बहाने** — अखिलेश सर्वदलीय बैठक में रखेंगे पार्टी का पक्ष, मायावती ने बुलायी बसपा की राष्ट्रीय स्तर की बैठक

# देश के राजनीतिक परिदृश्य में अचानक उभरी बहुजनों की चिंता

**संतोष वाल्मीकि**

**लखनऊ।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू किये जाने और वक्फ संशोधन बिल आगामी बजट सत्र में संसद में पेश किये जाने के ताजा घटनाक्रमों के बाद देश के राजनीतिक परिदृश्य पर अचानक बहुजन की चिंता उभर आयी है। बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के अलावा कई अन्य संगठन भी एकदम से इस मुद्दे पर सक्रिय हो उठे हैं।

बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार बुधवार को नयी दिल्ली स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में राष्ट्रीय स्तर की बैठक बुला ली है। मंगलवार को 'एक्स' पर दिये गये अपने संदेश में मायावती ने कहा कि देश की वर्तमान राजनीतिक हालत तथा खासतौर पर दलितों, आदिवासियों, अति पिछड़ों, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की चिन्तनीय राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक स्थिति को ध्यान मे रखकर पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बसपा की आल इण्डिया बैठक दिल्ली में आहूत की गयी है। मायावती ने कहा है कि बसपा केन्द्रीय कार्यालय 29 लोदी स्टेट नयी दिल्ली में होने वाली इस बैठक में देश भर में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, स्टेट कोआर्डिनेटरों, बसपा की राज्य इकाईयों के अध्यक्षों के साथ विचार विमर्श कर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने व दिल्ली के विधानसभा चुनाव कार्यक्रम में जरूरी दिशा निर्देश दिये जाएंगे।

वहीं समाजवादी पार्टी भी इस मुद्दे पर सक्रिय हो गयी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने विश्ववार्ता को बताया कि गुरुवार को बजट सत्र से पहले केन्द्र सरकार की ओर से बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल होंगे और उस बैठक में दलितों, अल्पसंख्यकों, जनजातियों के मुद्दे पर केन्द्र व भाजपा शासित राज्य की सरकारों की ओर से हो रहे फैसलों पर पार्टी का पक्ष रखेंगे। चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष इस सर्वदलीय बैठक में उत्तराखण्ड सरकार की ओर से लागू की गयी समान नागरिक संहिता व आगामी बजट सत्र में संसद में पेश होने वाले वक्फ संशोधन बिल का मुद्दा भी उठाएंगे।

- कांग्रेस अध्यक्ष व राहुल गांधी जाहिर कर चुके हैं पार्टी की मंशा
- पसमांदा मुस्लिम समाज को वक्फ संशोधन बिल के कई प्रावधानों पर एतराज



बताते चलें कि बीते सोमवार को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित महू में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा था कि सिर्फ अंबेडकर का नाम लेने भर से कोई अंबेडकरवादी नहीं हो जाएगा। बाबा साहब की धरती महू में सोमवार को आयोजित जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि केन्द्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद कांग्रेस देशव्यापी जातीय जनगणना करवाएगी। वहीं, पसमांदा मुस्लिम समाज ने मांग उठायी है कि वक्फ संशोधन बिल से विधेयक से गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान हटाया जाए। वक्फ संपत्तियों का उपयोग केवल गरीबों, विधवाओं, और यतीम बच्चों के कल्याण के लिए हो। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के लिए पसमांदा समाज के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए औरविवाद निपटारे के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायाधिकरण बनाया जाए, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप न हो।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने मंगलवार को यहां प्रेसवार्ता में कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को लेकर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट ने विवाद को जन्म दे दिया है। उन्होंने इस रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण और पसमांदा समाज के अधिकारों का हनन करार दिया है। उनका कहना है कि यह विधेयक न केवल वक्फ संपत्तियों के मूल उद्देश्य को कमजोर करेगा, बल्कि इससे पसमांदा समाज के गरीब, वंचित और बेसहारा वर्गों के अधिकार पूरी तरह छिन जाएंगे। मंसूरी ने कहा कि इस्लाम में वक्फ की अवधारणा मदद के लिए की गई थी।

## सरकार के साथ बैठक से पहले किसान दिखाएंगे ताकत

**नई दिल्ली।** प्रदर्शनकारी किसान खनौरी और शंभू बॉर्डर पर एक बार फिर से महापंचायत करने वाले हैं। आंदोलनकारी संघों किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) और संयुक्त किसान यूनियन (एसकेएम गैर-राजनीतिक) ने क्रमशः 12 और 13 फरवरी को महापंचायत बुलाई है। यूनियनों की ओर से कहा गया कि ये महापंचायतें किसान आंदोलन 2 के एक साल पूरा होने के मौके पर होंगी, जो कि बीते वर्ष 13 फरवरी को शुरू हुआ था। इन दोनों विरोध स्थलों पर हजारों किसान महापंचायत में भाग ले सकते हैं। ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसान आएं, इसके लिए पंजाब और हरियाणा के गांवों में दोनों महापंचायतों की ओर से जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

पिछले साल 13 फरवरी से शंभू और खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसान डेरा डाले हुए हैं।

### देश भर से सभी जातियों, वर्गों, पंथ और संप्रदाय के लोगों की महाकुम्भ में की जा रही आवाभगत

# नानक पंथी और बौद्ध संतों का होगा सम्मान

**महाकुम्भ स्पेशल**

» महाकुम्भ को एकता, समता और समरसता के धागे में पिरो रहे सीएम योगी

**महाकुम्भनगर।** तीर्थराज प्रयागराज में संगम तट पर सनातन आस्था और संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। इस महाकुम्भ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकता का महाकुम्भ करार दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी विभिन्न मंचों से इस महाकुम्भ को सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा समागम बता चुके हैं और इसे चरितार्थ करते हुए उन्होंने इस बार विभिन्न वर्गों एवं संप्रदायों से आने वाले साधु संतों का सम्मान व अभिनंदन कर एक नई पहल और उदाहरण प्रस्तुत किया है। महाकुम्भ में आने वाले दिनों में सीएम योगी कई और वर्गों और संप्रदायों से जुड़े संतों को सम्मानित करने वाले हैं। सीएम योगी का स्पष्ट मत है कि मानवता के इस महापर्व में देश के कोने-कोने से, अलग-अलग भाषा, जाति, पंथ, संप्रदाय के धार्मिक संत, संन्यासी और महानुभाव सम्मिलित हो रहे हैं। इन सभी का यहां सम्मान होना चाहिए और उन्हें बिना भेदभाव हर वो सुविधा और व्यवस्था मिलनी चाहिए जो पहले से स्थापित साधु संतों व अखाड़ों को प्राप्त हो रही है। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार कई ऐसी संस्थाओं को भी भूमि आवंटित की गई, जो या तो पहली बार सम्मिलित हो रहे हैं या फिर कई वर्ष पूर्व इसका हिस्सा बनते थे, लेकिन किन्हीं कारणों से बीते कुम्भ में वो सम्मिलित नहीं हो सके। सीएम योगी की इस पहल की संत समाज में काफी प्रशंसा हो रही है।

प्रयागराज का महाकुम्भ विश्व का सबसे बड़ा मानवीय और आध्यात्मिक सम्मेलन है। यूनेस्को ने महाकुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया है। सीएम योगी का मानना है कि महाकुम्भ भारत की



सांस्कृतिक विविधता में समायी हुई एकता और समता के मूल्यों का सबसे बड़ा प्रतीक है। यहां सब एक समान हैं। अपने इसी उद्देश्य को संदेश के रूप में आमजन तक पहुंचाने के लिए सीएम योगी ने इस बार हर वर्ग से जुड़े संतों को मंच पर सम्मानित करने की पहल की है। इसी क्रम में सीएम योगी ने 21, 25 और 27 जनवरी को महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर तमाम वर्गों के संतों और संन्यासियों का सम्मान किया। इन संतों और संन्यासियों में बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति, घुमंतू जातियों, उत्तर पूर्व के साथ ही बौद्ध धर्म के विदेशी धार्मिक संत एवं महानुभाव सम्मिलित रहे। आने वाले दिनों में सीएम नानक पंथी, बौद्ध और अनुसूचित जनजातियों के धार्मिक संतों, संन्यासियों और महानुभावों का भी सम्मान करने के लिए महाकुम्भ में आएंगे। सीएम योगी का बार-बार प्रयागराज आना इसी का द्योतक है। महाकुम्भ की तैयारियों, विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ सीएम योगी विभिन्न वर्गों, संप्रदायों, जातियों से जुड़े संतों से भी भेंट कर रहे हैं। हाल ही में अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा कार्यक्रम में उन्होंने देश के कई राज्यों से आए विभिन्न वर्गों के संतों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। नाथ अखाड़ा के कार्यक्रम में भी सीएम योगी ने साधु संतों का सत्कार किया और उन्हें अपने हाथों से प्रसाद परोसा और उनके साथ बैठकर खुद भी प्रसाद ग्रहण किया। विहिप के कार्यक्रम में भी उन्होंने देश भर के साधु संतों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें आश्वासन दिया कि महाकुम्भ में उन्हें कोई समस्या नहीं होगी। सोमवार को ही वह सतपाल महाराज के शिविर में संतों और संन्यासियों के बीच पहुंचे, वो भी तब जब लखनऊ रवाना होने को उनका हेलिकॉप्टर तैयार हो चुका था।




## किसानों व एग्रीकल्चर सेक्टर के लिए मील का पत्थर साबित होगी यूपी एग्रीज : योगी

» यूपी एग्रीज प्रोजेक्ट का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र एग्रीकल्चर ग्रोथ एंड एंटरप्राइज इकोसिस्टम स्ट्रेंथनिंग (यूपी एग्रीज) प्रोजेक्ट की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा, देश से में खाद्यान्न के होने वाले निर्यात में यूपी का तीसरा स्थान है। ऐसे में यूपी एग्रीज परियोजना प्रदेश के एक्सपोर्ट की संभावनाओं को आगे ले जाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह अन्नदाता किसानों और कृषि सेक्टर में काम करने वाले लोगों के लिए अच्छी शुरुआत है। चार हजार करोड़ की यूपी एग्रीज परियोजना में से 2,737 करोड़ का लोन विश्व बैंक और 1,166 करोड़ का अंशदान राज्य सरकार ने देने की व्यवस्था की है।

मुख्यमंत्री ने इसी मौके पर वर्चुअल माध्यम से उन्नाव में यूपीडा की इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर में केमपैक इंडिया द्वारा ग्रीन फील्ड मैन्युफैक्चरिंग इकाई का शिलान्यास भी



किया। उन्होंने कहा, इसमें 1300 करोड रुपए की लागत का निवेश एसबीआई के तहत प्रदेश में आएगा।

श्री योगी ने कार्यक्रम में कहा, देश में करीब 45 फीसद भूमि कृषि योग्य है। इसमें 75 फीसद कृषि योग्य भूमि यूपी में है। यूपी की सबसे उपयोगी और उर्वरा मानी जाती है। यही वजह है कि यूपी गेहूं, आलू, आम, अमरूद, मटर, मशरूम, तरबूज और शहद आदि के उत्पादन में देश में नंबर एक स्थान पर है। देश में सब्जी उत्पादन में 15 प्रतिशत और फल उत्पादन में 11 प्रतिशत की हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश के पास है। यूपी में देश की 17 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है, वहीं खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 23 प्रतिशत से अधिक है। इसीलिए उप्र को देश के फूड बॉस्केट के रूप में जाना जाता है।

## क्या भारत के मुस्लिम स्वीकार करेंगे कि उनके पूर्वज थे राम : योगी

» कहा- सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है। वहां के राष्ट्रपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं। उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है। गणपति उनकी मुद्रा पर है और रामलीला उनका राष्ट्रीय त्योहार है। योगी ने सवाल उठाते हुए कहा, भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी अल्पसंख्यक आबादी(मुस्लिम), जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे?

मुख्यमंत्री योगी ने यह बात मंगलवार को यहां एक होटल में आयोजित निजी इलेक्ट्रानिक चैनल के कार्यक्रम में सवालों के जवबा में कही। श्री योगी ने कार्यक्रम में भारत के अल्पसंख्यकों, बिजली चोरी, वक्फ कानून, तुष्टिकरण की राजनीति और महाकुंभ समेत देश और प्रदेश में के कई ज्वलंत मुद्दों पर अपनी राय रखी। उन्होंने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी। इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बड़ा इस्लामिक राष्ट्र भगवान राम को अपना पूर्वज मानता है, इस पर वह गर्व करता है, क्या भारत के अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी इस सच को स्वीकार कर पाएगी कि उनके भी पूर्वज राम थे।

वक्फ कानून में बदलाव को लेकर विपक्ष आरोपों और चेतावनियों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समय की जरूरत के मुताबिक वक्फ कानून में बदलाव हो रहा है। मुझे प्रसन्नता है कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने इस संशोधन पर काम किया है। उम्मीद है कि अगले सत्र में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बदलाव का उद्देश्य समाज में पारदर्शिता और न्याय को सुनिश्चित करना है। जैसे देश में सीएए लागू हुआ है वैसे ही वक्फ बिल में संशोधन के बाद इसे भी लागू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को देश में नागरिकता मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संभव हुआ है। वक्फ की कोई जमीन नहीं होती है, यह राजस्व की जमीन है। उत्तर प्रदेश में वक्फ ने एक लाख 27 हजार



संपत्तियों पर अपना दावा किया था, जिसे हमने जांच कराया वह सिर्फ 7 हजार ही है। योगी ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति राजस्व की होती है वहां थाने बने या अन्य सार्वजनिक उपयोग या प्रशासनिक उपयोग के भवन, किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए और संभल में किसी ने आपत्ति भी नहीं की। संभल में शाही जामा मस्जिद विवाद की तरफ इशारा करते हुए मुख्यमत्री ने कहा, पुराणों में संभल का उल्लेख है। आईन-ए-अकबरी के अनुसार, मीर बाकी ने श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी। उन्होंने कहा कि हम हर जगह मंदिर नहीं तलाश रहे हैं, लेकिन जहां ऐतिहासिक साक्ष्य मौजूद हैं, वहां सच को सामने लाना जरूरी है। योगी ने असुद्दीन ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पौराणिक ग्रंथ हमारे सामने इस बात के प्रमाण हैं कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार कहां पैदा होना है। 3500 वर्ष से 5000 वर्ष के दौरान ग्रंथों की रचना हुई है। इस्लाम का जन्म हुए 1400 वर्ष हुए हैं, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा, पुराणों के बारे में हो सकता है कि ओवैसी या अन्य लोगों को भरोसा न हो, लेकिन कम से कम आइन-ए-अकबरी देखें। वह तो इस बात का उल्लेख कर रहा है और वहां पर जो कुछ भी उत्खनन में सामने आ रहा है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि वहां पर कोई पौराणिक नगरी थी। पुरातात्विक अवेशषों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यह संभल नगरी वही है, जो पुराण उल्लेख करता है। अगर यह तमाम चीजें वहां पर सामने आ रही हैं तो मुझे लगता है कि उनको (ओवैसी) इस सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत भी करनी चाहिए। श्री योगी ने कहा कि संभल में बिजली चोरी की समस्या को लेकर सख्त कार्रवाई की गई है। तीन लाख की आबादी वाले कस्बे में हर महीने 200 करोड़ रुपये की बिजली चोरी होती थी। मस्जिदों के ऊपर अस्थायी सबस्टेशन बनाकर बिजली चोरी की जा रही थी। हमने चार मस्जिदों पर छापा मारा और कनेक्शन काटे। मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा, यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जो लोग तुष्टिकरण की नीति के लिए बदनाम थे, वे भी अब सनातन धर्म की आस्था में भागीदार बन रहे हैं। जो लोग कभी भारतीय आस्था का सम्मान नहीं करते थे, वे आज त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुजुर्ग नेता हैं, देर सवेर वो भी संगम स्थान के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले विपक्षी दलों को जनता बार-बार जवाब दे रही है। हरियाणा और महाराष्ट्र की सरकारों की उपलब्धियां इसका प्रमाण हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच टकराव हो रहा है, जो इंडी (इंडिया) गठबंधन की कमजोरी को उजागर कर रहा है। इस बार दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएगी। काऊ बेल्ट के सवालों पर सीएम योगी ने कहा कि आज बीजेपी देश के सभी राज्यों में है।

**आवश्यक सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. वल्लीपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की तृतीय संगठन बैठक दिनांक 31.01.2025 समय दिन में एक बजे स्थान ग्राम पंचायत भवन वल्लीपुर में आयोजित किया गया है। अतः सभी सदस्यों से विनम्र अनुरोध है कि ससमय निर्धारित स्थल पर पहुंचकर बैठक में प्रतिभाग करें तथा संगठन बैठक को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

**मुख्य प्रवर्तकः मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. वल्लीपुर, सुलतानपुर**

**आवश्यक सूचना**

मेरे पति स्व. राजेंद्र सिंह आर्मी नंबर 660 2677M के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम कमाला देवी KAMALA DEVI व जन्मतिथि 01/07/1943 अंकित है। जबकि मेरा सही नाम आधार कार्ड में कमला देवी KAMLA DEVI व जन्मतिथि 24/07/1945 है। इसे ही सही मानकर लिखा व पढ़ा जाए। मेरा सही नाम कमला देवी पत्नी स्व. राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम सिरसा दोगढ़ी तहसील,परगना-माधौगढ़ जिला-जालौन

## महाकुंभ में कैसे होती है पब्लिक की गिनती

### पहली बार अंग्रेजों ने कराई थी, अफसर बोले- अनुमानित रहता है आंकड़ा



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज महाकुम्भ में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। करीब 15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। 13 जनवरी से मेला शुरू हुआ, तो पहले दिन 1 करोड़ 65 लाख लोगों ने स्नान किया। पहले दो दिन के आंकड़े सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट के जरिए बताए। इसके बाद हर दिन मेला प्रशासन आंकड़े जारी करता है। कुंभ में आए लोगों की गिनती कैसे होती है? प्रशासन किस टेक्नोलॉजी के जरिए गिनती करता है।

13 जनवरी से प्रयागराज महाकुंभ की शुरुआत हुई। पहले दिन पौष पूर्णिमा थी, मेले में अच्छी-खासी भीड़ दिखी। शाम को आंकड़ा आया कि पूरे दिन में 1 करोड़ 65 लाख लोगों ने स्नान किया। 14 जनवरी को मकर संक्रांति थी, यानी पहला अमृत स्नान। 13 जनवरी की रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ संगम जाने वाले हर रास्ते पर दिखने लगी। भोर के 3 बजे से ही संगम के सारे घाट फुल हो गए। पूरे दिन यही क्रम चला। जितने लोग घाट से निकलते गए, उससे ज्यादा लोग आते गए। सुबह के 11 बजकर 9 मिनट पर सीएम योगी के एक्स अकाउंट से पोस्ट करके बताया गया कि अब तक एक करोड़ 38 लाख लोगों ने स्नान कर लिया है। शाम साढ़े 5 बजे सीएम योगी के अकाउंट से कुंभ से जुड़ा एक और पोस्ट आया। उसमें बताया गया कि आज साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं और संतों ने कुंभ में स्नान किया। श्रद्धालुओं का यही आंकड़ा हर किसी ने ऑफिशियल माना। 23 जनवरी को कुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 10 करोड़ पहुंच गई। हर दिन 10 लाख कल्पवासियों को भी जोड़ा जा रहा है। पहली बार बैरिकेड्स लगाकर गिनती की गई थी हम मौजूदा वक्त की गिनती कैसे की जा रही है, इसके बारे में जानेंगे। लेकिन, पहले यह जानते हैं कि कुंभ में श्रद्धालुओं की गिनती की शुरुआत कब से हुई? मिले रिकॉर्ड के मुताबिक, कुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की पहली बार गिनती अंग्रेजों ने 1882 में की थी।

उस वक्त प्रयागराज कुंभ में आने वाली हर सड़क पर बैरिकेड्स लगा दिए जाते थे। फिर हर आने वाले की गिनती होती थी। रेलवे स्टेशन के टिकट को भी जोड़ा जाता था। उस कुंभ में करीब 10 लाख लोग शामिल हुए थे। इसके बाद यह संख्या हर कुंभ में बढ़ती चली गई। लेकिन, गिनती का तरीका यही रहा।

जानिए इस बार कैसे हो रही गिनती 2025 का कुंभ हाईटेक हो गया है। दिव्य-भव्य के साथ डिजिटल शब्द जुड़ गया है। डिजिटल कैमरों के जरिए गिनती करना थोड़ा-सा आसान हुआ है। यूपी सरकार ने इस साल पूरे शहर में 2700 कैमरे लगाए हैं। इनमें 1800 कैमरे मेला क्षेत्र में लगे हैं। 1100 परमानेंट और बाकी के 700 टेंपरेरी कैमरे हैं। 270 से ज्यादा कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लैस हैं। इन कैमरों की रेंज में जैसे ही कोई व्यक्ति आता है, उसकी गिनती हो जाती है। ये स्टेशन, मेला क्षेत्र के एंट्री पॉइंट, संगम एरिया और अखाड़ों के साइड में लगाए गए हैं। एआई बेस्ड कैमरे मिनट दर मिनट आंकड़े अपडेट करते हैं।

**क्राउड मैनेजमेंट आसान हो गया**

कुम्भ मेला एसएसपी राजेश द्विवेदी कहते हैं कि कैमरों से भीड़ मैनेज की जा रही है, साथ ही सुरक्षा में भी इनका अहम रोल है। इनमें नंबर प्लेट रिकग्निशन के साथ फेस रिकग्निशन भी है। इसके जरिए हार्ड कोर क्रिमिनल की पहचान की जा सकती है। किसी पार्किंग की कैपेसिटी अगर 2 हजार गाड़ियों की है, तो 1800 होने पर कंट्रोल रूम में अलार्म बज जाएगा। इसके बाद भीड़ का मूवमेंट बदल दिया जाएगा।

अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी कहते हैं- इन कैमरों से क्राउड एनालिटिक्स और भीड़ का नियंत्रण अच्छे से कर सकते हैं। कहीं भी अधिक भीड़ होगी तो अलर्ट जनरेट हो जाएगा। इसके बाद हम उसे मैनेज कर लेते हैं। कुम्भ मेला एसएसपी और मेला अधिकारी की मानें, तो एआई कैमरे भीड़ की गिनती करने में इस बार अहम भूमिका निभा रहे हैं।

**2013 में कैसे हुई थी गिनती?**

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गिनती के लिए गणित के जिस सांख्यिकीय फॉर्मूले को बताया, उसी के जरिए 2013 में गिनती हुई थी। इस विधि के अनुसार यह माना जाता है कि एक व्यक्ति नहाने के लिए 0.25 मीटर की जगह लेगा। उसे घाट पर नहाने में कम से कम 15 मिनट का वक्त लगेगा। इसे अगर आधार बनाएं तो एक घंटे में एक घाट पर नहाने वाले लोगों की संख्या करीब 15 हजार होगी। इस बार कुल 44 घाट बनाए गए हैं। सभी पर अगर यही आंकड़ा जोड़ें तो कुल बताई गई संख्या से बहुत कम निकलेगा। गिनती का एक तरीका शहर में प्रवेश करने वाली भीड़ से जुड़ा है। जैसे प्रयागराज शहर में प्रवेश करने के कुल 7 प्रमुख रास्ते हैं। प्रमुख स्नान पर्व पर गाड़ियों को रोका जाता है। उस दिन शहर के अंदर प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति को यह माना जाता है कि वह महाकुंभ में शामिल होने आया है।

**क्राउड काउंटिंग के तरीका**

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोई भी तरीका 100% एरर फ्री नहीं हम और अधिक जानकारी के लिए कुंभ मेला प्राधिकरण पहुंचे। यहां पुलिस ने कुम्भ कंट्रोल रूम बनाया है। सारे सीसीटीवी का एक्सेस यहां है। हम अंदर पहुंचे तो देखा कि चारों तरफ कैमरे चल रहे हैं। बीच में एआई के जरिए जो काउंटिंग हो रही, उसका विजुअल चल रहा है। इसकी निगरानी आईपीएस अमित कुमार कर रहे हैं। हमने क्राउड काउंटिंग के तरीकों के बारे में पूछा। अमित कुमार बताते हैं- हम कुल तीन तरह से गिनती करते हैं। पहला- मेला क्षेत्र में कितने लोग मौजूद हैं? दूसरा- कितने लोग चल रहे? तीसरा- कितने लोग स्नान कर रहे? जो व्यक्ति मेले में मौजूद है, वह दिन में एक बार काउंट होगा। लेकिन, अगर वही अगले दिन फिर आता है तो वह दोबारा भी काउंट होगा।

वह कहते हैं- पहली बार एआई के जरिए गिनती कर रहे। यह एक इमर्जिंग टेक्नोलॉजी है, पहली बार इतने बड़े स्तर पर इसका प्रयोग हो रहा है। करीब सवा 2 सौ एआई कैमरे लगे हैं। जो भी इसकी रेंज में आता है, उसकी गिनती होती है। हमने मेला क्षेत्र में और मेला क्षेत्र में पहुंचने वाले रास्तों पर इन्हें लगाया है। इसके अलावा हम पुराने तरीके से भी गिनती कर रहे हैं, वह गणित के एक फॉर्मूले के आधार पर होता है। हालांकि, कोई भी तरीका किसी भी जगह 100% एरर फ्री नहीं होता।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद-लखनऊ।

पत्रां : - 1966/क्षे0पं0/निविदा-अति अल्पकालीन/2024-2025 दिनांक - 27.01. 2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

टेण्डर निकाले जाने की तिथि - 28. 01. 2025
टेण्डर खोलने की तिथि - 05. 02. 2025 (अपरान्ह 3.00 बजे)

| क्र0 सं0 | टेण्डर का प्रकार | योजना का नाम | कार्य का नाम | लम्बाई (मी0 में) | टेण्डर लागत GST सहित | बिड सिक्योरिटी (रू0 में) 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | ऑफलाइन | पंचम वित्त आयोग | खड़ता पंचायत भवन से भगौती के बाग से होकर नहर पुलिया नवीनगर सीमा तक खण्डजा/इण्टरलाकिंग कार्य | 520 मी0 | 892500.00 | 17900 | 1000 | 3 माह |
| 2 | ऑफलाइन | 15वॉं वित्त आयोग की अनटाईड | मवईकला मार्ग से ग्राम पंचायत रामनगर संपर्क मार्ग तक खण्डजा/इण्टरलाकिंग कार्य | 390 मी0 | 998300.00 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 3 | ऑफलाइन (जैम पोर्टल, टेण्डर खोलने की तिथि : - 17.02.2025) | पंचम वित्त आयोग | विकास खण्ड परिसर मलिहाबाद के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों से बेसहारा/निराश्रित पशुओं के लिए कैचर गाड़ी की खरीद | 01 जॉब | 685000.00 | - | - | 1 माह |

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद लखनऊ द्वारा विकास खण्ड मलिहाबाद में पंजीकृत ठेकेदारों / जेम पर पंजीकृत ठेकेदारों से वर्ष 2024-25 हेतु पंचम राज्य वित्त/15वां केंद्रीय वित्त आयोग से उपरोक्त 03 कार्यों हेतु प्रतिशत दर/दर अनुबंध निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी ठेकेदार अपनी अधिकृत क्षमता के अंतर्गत एक अथवा एक से अधिक निविदाओं के लिये निविदा दे सकता है। निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी, नियम एवं शर्त कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मलिहाबाद एवं https://gem.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित कमेटी के सदस्यों एवं निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा भेजे गये प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निविदा में जिस फर्म ठेकेदार द्वारा कार्य मानक अनुसार गुणवत्ता सहित सबसे कम रेट में निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाना दर्शाया गया होगा, उसी फर्म/ठेकेदार को टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा।

(प्रमुख)
क्षे0पं0, मलिहाबाद - लखनऊ

खण्ड विकास अधिकारी
मलिहाबाद - लखनऊ

## एक नजर

### खेलो इंडिया के तहत साइकिल चाल का हुआ आयोजन



**गोंडा।** मंगलवार को खेलो इंडिया व खेल निदेशालय के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम के तहत साइकिल चाल का आयोजन अम्बेडक चौराहे से किया गया जिसमें करीब 50 बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य सभी का शारीरिक मानसिक, बौद्धिक विकास के साथ साथ प्रदूषण से बचाव हो सके । उक्त अवसर उप क्रीड़ा अधिकारी अशोक सोनकर, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक मो तौकीर, ताइक्वांडो प्रशिक्षक सचिव डा प्रत्यूष राज, हैंड बाल प्रशिक्षक अभय तिवारी, क्रिकेट प्रशिक्षक विक्की तिवारी, हरिओम जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

### बाल विकास परियोजना वार हेल्प डेस्क स्थापित

**बलरामपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि जनपद के समस्त बाल विकास परियोजनाओं आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विभागीय की पोर्टल पर पात्र महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे तथा वर्तमान में आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीधी भर्ती किए जाने हेतु चयन प्रक्रिया की कार्यवाही प्रचलित है। उन्होंने बताया कि आंगनवाड़ी चयन प्रक्रिया पूर्णतया मेरिट बेस्ड है , चयन प्रक्रिया संबंधी अग्रेत्तर कार्यवाही को सकुशल , पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न किए जाने हेतु सभी बल विकास परियोजनाओं में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। बाल विकास परियोजना शहर में सीडीपीओ, मो0नं0 –8840774987 , बाल विकास परियोजना बलरामपुर देहात में सीडीपीओ – 8953794147 , विकासखंड गैंसड़ी में सीडीपीओ ,मो0नं0 – 7007533159, विकासखंड गैंडास बुजुर्ग एवं श्रीदत्तगंज , राकेश मिश्र , मो0नं0 – 6393459497, विकासखंड हरैया सतघरवा में सीडीपीओ राकेश कुमार, विकासखंड रेहरा बाजार में सीडीपीओ, संदीप कुमार, मो 0 नं0 – 8318433483, विकासखंड पचपेड़वा में सीडीपीओ, अरुण कुमार , मो0 न0 –7906169585, विकास खंड तुलसीपुर में सीडीपीओ कमलेश कुमार यादव , मो0 न0 – 8853996859 , विकास खंड उतरौला में सीडीपीओ अशोक चौहान – 9651276363 के मोबाइल नंबर पर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों कार्यकत्री चयन प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संज्ञान में आया है कि आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया के संबंध में बाल विकास परियोजनाओं में कतिपय व्यक्तियों द्वारा कार्यालय के नाम पर विधिविरुद्ध कार्य में संलिप्त हैं, सभी से अपील हैं कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन प्रक्रिया में किसी भी दशा में बाहरी व्यक्तियों के बहकावे में ना आए , किसी भी जानकारी के लिए संबंधित कार्यालय में ही संपर्क करें।

### लेखाकार के रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल



**गोंडा।** जिले के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय इटियाथोक में संविदा पर तैनात लेखाकार विनोद कुमार के रिश्वतखोरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक शिक्षक से लेखाकार विनोद रुपये लेते हुए स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो लोगों में काफी चर्चा का विषय बना है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन के नाम पर यह अवैध वसूली बीआरसी केंद्र पर काफी दिनों से चल रही है। हालांकि वायरल वीडियो की समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है। मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी का कहना है,कि मामला संज्ञान में आया है।

### महिला की भूमि पर नहीं होने दे रहे निर्माण

**कर्नलगंज,गोण्डा।** तहसील व कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली पीड़ित महिला ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उसके भूमि पर मकान निर्माण में विपक्षीगण द्वारा किये जा रहे बेजा व अनाधिकार अवरोध को समाप्त करवाये जाने व उसके भूमि पर निर्माण कराने की गुहार लगाई है। ग्राम रूदौलिया निवासिनी सायतुन पत्नी हनीफ ने उपजिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके लड़कों द्वारा मेहनत, मजदूरी करके किसी तरह कुछ पैसा एकत्रित किया गया, जब प्रार्थिनी अपने निजी भूमि गाटा संख्या 182 में अपना मकान बनाने लगी तो विपक्षीगण उसकी भूमि में मकान बनने नहीं दे रहे हैं।

श्रीराम का अनुकरण करने से प्रसन्न होंते है भोलेनाथ : कमल दास बापू

### नगर में गाजे बाजे से निकाली गई कलश यात्रा

**नरैनी।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सढ़ा स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा के शुभारंभ से पूर्व नगर में भव्यता के साथ कलश यात्रा निकाली गई। जिसका जगह–जगह पर स्वागत हुआ। नगर भ्रमण के उपरांत कथा स्थल पर कलश यात्रा समाप्त हुई। कथाव्यास ने शिवपुराण कथा का शुभारंभ करते हुए बताया कि भगवान श्रीराम का अनुकरण करने से ही महादेव प्रसन्न होकर कृपा करते हैं। तहसील क्षेत्र के सढ़ा गांव स्थित मां वैष्णो मंदिर से कथा वाचक राष्ट्रीय संत कमल दास बापू जी की अगुवाई में मुख्य यजमान प्रमोद सोनी और उनकी धर्म पत्नी रुचि ने सैकड़ों क्षेत्रवासियों के साथ गाजे बाजे, मंगल गीतों सहित हर हर महादेव के नारों के साथ भव्य एवं विशाल कलश यात्रा निकाली गई।

# बंदिशें तोड़कर खुलकर आवाज उठायें

» एचसीपीएम नर्सिंग कॉलेज में आयोजित किया गया विधिक साक्षरता शिविर



विश्ववार्ता संवाददाता

**गोंडा।** महिलाओं को बंदिशें तोड़कर खुलकर अपनी बात कहनी चाहिए। अपने अधिकार के प्रति सजगता ही सुरक्षा की तरफ पहला कदम है। यदि हम अपने विधिक अधिकारों के प्रति सजग हैं तो हमारा शोषण नहीं हो सकता। हमें अपने कानूनी अधिकार और कर्तव्य दोनों का बोध होना चाहिए। उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एससीपीएम नर्सिंग कालेज हारीपुर में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के मुद्दे पर आयोजित विधिक साक्षरता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने कही। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाते हुए सभी लोग अपने आसपास के लोगों को उनके अधिकारों के बारे में बताएं। कार्यक्रम में कालेज की नर्सिंग छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एससीपीएम ग्रुप के चेयरमैन डा. ओएन पांडेय ने कहा कि जागरूक रहने से ही हम किसी भी प्रकार के शोषण से बच सकते हैं। कार्यक्रम को महिला थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी चंद्रमोहन वर्मा, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल बृज लाल तिवारी सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। एससीपीएम ग्रुप की अध्यक्ष अल्का पांडेय, निदेशक अजिताभ दूबे व प्रशासक धीरज दूबे ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एससीपीएम कालेज की असिस्टेंट प्रोफेसर मेनका द्विवेदी व टेली लॉ के पैनल अधिवक्ता अविनाश चंद श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डॉ तारकेश्वर प्रसाद शुक्ला, डॉ सिंपल चौहान, डॉ कलाई सैलवी जेवियस, डिप्टी डिफेंस काउंसिल अनिमेष चतुर्वेदी, विधिक सेवा प्राधिकरण के मुकेश कुमार व कन्हैयालाल तिवारी सहित कालेज का समस्त स्टाफ, छात्राएं व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एंव कर्मचारी मौजूद रहे।

## वजीरगंज के अरगा झील पर आयोजित वेटलैंड कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोंडा।** आगामी 2 फरवरी को सुबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वजीरगंज के अरगा पार्वती झील पर आयोजित वेटलैंड कार्यक्रम मे शामिल होंगे।



मंगलवार को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की भनक लगते ही जिले का प्रशासनिक अमला कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर उसकी तैयारी में जुट गया है।

मुख्यमंत्री की आगमन को लेकर जिला अधिकारी नेहा शर्मा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल पूरी टीम के साथ वजीरगंज स्थित अरगा झील के पास स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र का सघन भ्रमण करके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने मैं जुटे हुए हैं गोंडा सांसद केंद्रीय विदेश मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह राजा भैया की पहल पर 2 फरवरी को आयोजित वेटलैंड कार्यक्रम में विदेशी मेहमानों के आने का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

» जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

## एनडीआरएफ ने दो लोगों को पहुंचाई तत्काल चिकित्सीय सहायता

विश्ववार्ता संवाददाता

» उपचार के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल भी भेजा

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ मेला अपनी दिव्यता और भव्यता के साथ दिन प्रतिदिन लाखों और करोड़ों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। मंगलवार को दशाश्वमेध घाट पर एनडीआरएफ टीम ने दो लोगों को स्नान के बाद तबियत बिगड़ने पर आवश्यक उपचार प्रदान कर राहत दी और उन्नत उपचार के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल भी भेजा। महाकुम्भ के इस वृहद आयोजन में आए किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हों इसके लिए एनडीआरएफ की टीमें मनोज कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देश में हर समय तैनात है तथा सभी की हरसंभव मदद भी कर रही हैं। टीमें अपने निरंतर प्रयासों से सभी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने में दिन-रात लगे हुए हैं। आज दशाश्वमेध घाट पर उन्नाव जिले से आए हुए 42 वर्षीय अंकित चौरसिया तथा मिर्जापुर की 13 वर्षीय अस्तुति सिंह को महाकाल घाट पर समस्या हुई। जब पवित्र जल में स्नान करने के बाद इन दोनों श्रद्धालुओं को हाइपोथर्मिया के लक्षणों से ग्रसित होने का अनुभव हुआ तथा इनकी तबियत बिगड़ने लगी। इन घटनाओं की सूचना मिलते ही मौके पर उपस्थित एनडीआरएफ की मेडिकल टीम बिना समय गंवाए पीड़ितों के पास पहुंच कर उन्हें विशेष पॉकेट कम्बलों से ढंक कर अति आवश्यक प्राथमिक उपचार प्रदान कर राहत दी तथा उन्नत उपचार हेतु एम्बुलेंस से अस्पताल भी भेजा।

### पत्नी व सास से तंग आकर युवक ने फांसी लगाई

**उरई जालौन।** सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम मल्थुवा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। पत्नी और सास द्वारा लगातार प्रताड़ित करने से परेशान होकर 40 वर्षीय विकल शर्मा ने गांव के बाहर नीम के पेड़ से लटक कर फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर जीवन लीला समाप्त कर ली । मृतक के परिजनों के अनुसार, विकल की पत्नी और सास द्वारा उसे लगातार जेल भिजवाने की धमकी दी जा रही थीं। जिससे तंगाकर फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली कुछ दिन पहले दोनों ने रामजी नामक एक व्यक्ति के साथ मिलकर उसे धमकी दी थी। इस कारण विकल ने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, जिसका उसने वीडियो भी बनाया था, लेकिन उस समय उसे बचा लिया गया था। घटना का पता तब चला जब कुछ ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे और उन्होंने विकल का शव पेड़ पर लटका देखा।

## विकासखंड परसपुर में किसान मेला आयोजित

विश्ववार्ता संवादददाता



**परसपुर।** विकासखंड परसपुर के ग्राम गोगिया में कृषि सूचना तंत्र योजना के तहत विकासखंड स्तरीय कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कर्नलगंज के विधायक प्रतिनिधि ईतेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू ने ग्राम प्रधान सालिकराम एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक गोंडा प्रेम कुमार ठाकुर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर ने फार्मर रजिस्ट्री, एफपीओ, एग्री स्टैक और फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के लाभ और आवेदन प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को डिजिटल माध्यम से कृषि से संबंधित सुविधाओं का लाभ उठाने की सलाह दी। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) डॉ. अनूप सिंह चौहान ने उन्नत कृषि तकनीकों के माध्यम से फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने जैविक खाद, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण की नई विधियों पर विशेष जोर दिया। वहीं, खंड तकनीकी प्रबंधक रोहित सिंह ने मृदा परीक्षण और मृदा स्वास्थ्य सुधार के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने से मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है।

मुख्य वक्ता एसपी शर्मा ने किसानों को तिलहनी एवं दलहनी फसलों की खेती को प्राथमिकता देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि ये फसलें न केवल मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायक होती हैं,बल्कि किसानों की आय में वृद्धि करने में भी कारगर हैं।

» गोगिया में कृषि विशेषज्ञों ने दी उपयोगी जानकारी

### असलहा लहराते युवक का वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

**आजमगढ़।** जिले में सोशल मीडिया पर इन दिनों एक व्यक्ति का असलहा लहराते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एसपी ग्रामीण ने रौनापार थाने को मुकदमा पंजीकृत कर जांच कराने के निर्देश दिए हैं। उक्त वीडियो रौनापार थाना क्षेत्र के बैजाबारी गांव का बताया जा रहा है। रौनापार थाना क्षेत्र के बैजाबारी गांव निवासी राजू चौहान द्वारा एक विवाह समारोह के दौरान हाथ में अवैध रिवाल्वर लहराते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। उक्त वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने रौनापार थानाध्यक्ष को इस संबंध में मुकदमा पंजीकृत कर जांच के निर्देश दिए हैं। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं सरकार का आदेश बेअसर

विश्ववार्ता संवाददाता

**उतरौला (बलरामपुर)।** उत्तर प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद ₹हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं₹ नियम की खुलेआम अनदेखी हो रही है। हाल ही में सामने आई एक तस्वीर इस लापरवाही को उजागर कर रही है, जिसमें एक युवक बिना हेलमेट पहने पेट्रोल भरवा रहा है।

प्रदेश सरकार ने सड़क सुरक्षा को लेकर ₹हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं₹ नीति लागू की थी, जिसका उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। लेकिन उतरौला क्षेत्र में इस नियम का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है।

पेट्रोल पंप संचालकों को इस आदेश का पालन करवाने की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन कई जगहों पर लापरवाही देखी जा रही है। यह स्थिति प्रशासन की निष्क्रियता और नियमों के प्रति उदासीनता को दर्शाती है। बिना हेलमेट बाइक चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह खुद की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। सरकार के आदेश के बावजूद अगर पेट्रोल पंप बिना हेलमेट पेट्रोल दे रहे हैं, तो यह सड़क दुर्घटनाओं को बढ़ावा देने जैसा है। अगर इस नियम का सही तरीके से पालन नहीं किया गया, तो सरकार के प्रयास बेकार हो जाएंगे। प्रशासन को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश देना चाहिए कि वे इस नियम का सख्ती से पालन करें।

» नियम का सही तरीके से पालन नहीं किया गया, तो सरकार के प्रयास बेकार हो जाएंगे

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद बलरामपुर में अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई जारी है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष श्रीदत्तगंज अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस टीम, जिसमें उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार और हेड कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल थे, ने कार्रवाई की। यह कार्रवाई प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बलरामपुर द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट (NBW) के तहत की गई। मामला संख्या 170/2024 से संबंधित वांछित आरोपी मैजुल्ला पुत्र सहादत, निवासी ग्राम गुलालीडीह मुजहनी, थाना श्रीदत्तगंज, जनपद बलरामपुर, को गिरफ्तार कर लिया गया।

## निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

विश्ववार्ता संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद में संचालित रु० 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में डीएम द्वारा जनपद में संचालित सभी निर्माणधीन परियोजनाओं की बिंदुवार प्रगति जानी। उन्होंने निर्माण कार्य कार्यों में तेजी लाते हुए माह से सापेक्ष भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्थाओं को दिया।

उन्होंने कहा कि प्राप्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र शासन में समय से भेज दिया जाए , जिससे कि शेष किश्त समय से प्राप्त हो।

उन्होंने निर्माणधीन परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि पेयजल परियोजनों में किसी भी सरकारी संपतियो को बिना संबंधित विभाग के एनओसी की बिना नुकसान न पहुंचाया जाए , एनओसी मिलने के बाद निर्धारित समय में क्षतिग्रस्त सरकारी संपति को पहले जैसा किया जाना सुनिश्चित हो , यह संबंधित विभाग की भी जिम्मेदारी होगी।

## भाषण में श्रद्धा, क्विज में संदीप व चित्रकला में विजयलक्ष्मी रही अव्वल

» राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित की गई प्रतियोगिताएं



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला स्तरीय भाषण, क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र बच्चों ने प्रतिभाग किया, वहीं मंडलीय मास्टर ट्रेनर/समन्वयक डॉ.पीयूष मिश्र ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा श्रद्धा गुप्ता, द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज बांदा का छात्र ओम सिंह तथा तृतीय स्थान शिवा रणछोड़ दास इंटर कॉलेज खपटिहाकलां रहा। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रणछोड़ दास इंटर कॉलेज खपटिहाकलां का छात्र संदीप द्वितीय स्थान राजकीय इंटर कॉलेज बांदा का छात्र हर्षित श्रीवास तथा तृतीय स्थान खानकाह इंटर कॉलेज बाँदा का छात्र अशरफ खान रहा। चित्रकला के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा विजयलक्ष्मी पाल, द्वितीय स्थान पर खानकाह इंटर कॉलेज बांदा की छात्रा साफिया खातून तथा तृतीय स्थान राजकुमार इंटर कॉलेज नरैनी की छात्रा सुलेखा रही। डॉ.पीयूष मिश्रा द्वारा सभी को बताया गया कि जीते हुए प्रतिभागियों के खातों में शीघ्र धनराशि परिवहन विभाग द्वारा भेजी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश कुमार तथा सड़क सुरक्षा नोडल प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज धर्मराज ने प्रतियोगिता में विजेता छात्र/छात्राओं का उत्सावर्धन किया तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक प्रमोद शुक्ला, आनंद मणि त्रिपाठी, डॉ राजेंद्र द्विवेदी एवं आकांक्षा त्रिपाठी रही। विभिन्न कॉलेजों, विद्यालयों के नोडल शिक्षक/शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता की। अंत में मंडलीय मास्टर ट्रेनर डॉ. पीयूष मिश्र द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

### सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन की दिलायी शपथ

**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जो दिनांक दिनांक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत दिनांक 28 जनवरी 2025 को डीएम श्री पवन अग्रवाल के निर्देशन में पायनियर पब्लिक स्कूल बलरामपुर के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा के नियमो को पालन करने के लिए सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी ,यातायात नियमों के सड़क पर नही अनुपालन करने के परिणाम स्वरूप सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं के विषय पर जागरूक किया गया साथ ही साथ यातायात के नियमों व सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत करते हुए जागरूक किया गया , इसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं से अपील की गई की अपने परिवारजन व अपने पड़ोस में रहने वाले लोगों से सीट बेल्ट व हेलमेट वाहन चलाने हेतु प्रेरित करने की अपील की गई।

## गैंगस्टर की अपराध से अर्जित की गई अवैध सम्पति कुर्क

विश्ववार्ता संवाददाता

**गोण्डा।** मंगलवार को गोंडा जिला अधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर संगठित गिरोह बनाकर मारपीट व गैर इरादतन हत्या करने के अपराध में संलिप्त अभियुक्तों की अपराध से अर्जित की गई करोड़ों रुपए की चल अचल संपत्ति जप्त करने की कार्यवाही की गई है।



अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया कि गैंगस्टर बलराम तिवारी उर्फ शिवकुमार तिवारी पुत्र महादेव तिवारी निवासी बेलवा दरियापुर हरदोपट्टी थाना इटियाथोक द्वारा अपने अपराधिक कृत्यों से अर्जित किये गये रुपयों से क्रय की गयी 03 मकान मय भूमि व 04 मोटर साइकिल तथा अनिल कुमार पुत्र शेषराम उर्फ शेषनारायण दूबे निवासी ग्राम विचऊपुरवा दरियापुर हरदोपट्टी थाना इटियाथोक द्वारा अपने आपराधिक कृत्यों से अर्जित किये गये रुपयों से क्रय की गयी 01 मोटर साइकिल अन्तर्गत धारा 14(1) उ0प्र0 गैंगस्टर अधिनियम के अन्तर्गत जब्तीकरण की कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियुक्तों के 05 मोटरसाइकिलों को कब्जे मे लेकर थाना धानेपुर पर दाखिल किया गया है ।

जब्त किये गये मकान मय भूमि व 05 अदद वाहनों की कीमत करीब 1,09,41,000/- (एक करोड़ नौ लाख इक्तालिस हजार) रुपये है ।

इस कार्यवाही से संगठित गिरोह बनाकर मारपीट करने व गैर इरादतन हत्या करने के अपराध मे लिप्त अपराधियों मे भय का माहौल व्याप्त है । गोंडा पुलिस द्वारा गैंगस्टरों के विरुद्ध उनके द्वारा अपने आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी सम्पत्ति के जब्तीकरण की कार्यवाही आगे भी निरन्तर चलती रहेगी ।

» कीमत 1,09,41,000/– रुपये की 3 मकान मय भूमि व 5 मोटर साइकिलें जब्त

**निर्देश** डीएम ने तिंदवारी ब्लाक के निरीक्षण में बीडीओ को दिए निर्देश

# ग्राम पंचायतवार कराए जा रहे कार्यों का रखें रिकार्ड

विश्ववार्ता संवाददाता



**बांदा।** ब्लाक क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट पत्रावली में तैयार करके रिकार्ड को रखे। मनरेगा कार्य की प्रगति रिपोर्ट को चेक करते हुए डिमांड के अनुसार जॉब कार्डों को समय से बनाने व कार्यों को पूर्ण कराए।

जिलाधिकारी जे.रीभा ने मंगलवार को विकास खण्ड तिन्दवारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा सेल, खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, लेखाकार कक्ष व अन्य पटलों का निरीक्षण करते हुए खण्ड विकास अधिकारी से कार्यालय में तैनात स्टाफ के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मनरेगा कार्य में प्रगति रिपोर्ट चेक करते हुए डिमाण्ड के अनुसार जाब कार्डों को समय से बनाये जाने व कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एनआरएलएम के अन्तर्गत समूहों को क्रेडिट लिंकेज कराने व ऋण दिलाये जाने के लिए बैंको में लम्बित आवेदनों का लीड बैंक मैनेजर एवं सम्बन्धित बैंक शाखा प्रबन्धकों से सम्पर्क कर शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कलस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की ड्यूटी तिथि निर्धारित कर लगाये जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये। उन्होंने क्षेत्र पंचायत राज्य निधि व 15वें वित्त आयोग के द्वारा किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों से समन्वय करते हुए कार्यों को कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ब्लाक परिसर में खोली गयी प्रेरणा कैन्टीन के बाहर गन्दगी पाये जाने पर सफाई की समुचित व्यवस्था रखे जाने के निर्देश दिये। ब्लाक मुख्यालय के बाहर सड़क के किनारे दुकान लगी होने व गन्दगी मिलने पर तत्काल हटाकर सफाई कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी रमेश कुमार, एडीओ पंचायत सहित विकास खण्ड के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 2027 में उखाड़ फेंके प्रदेश की भाजपा सरकार : विशंभर सिंह

विश्ववार्ता संवाददाता



**बबेरू।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उमरहनी में पीडीए जन पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मौजूद रहे। विधायक विशंभर सिंह यादव ने जन पंचायत चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकारों के चलते देश का संविधान खतरे में है, इसलिए संविधान बचाओ देश बचाओं के नारे को जमीन में साकार करने के लिए अखिलेश यादव ने पीडीए का नारा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार पिछड़ों, दलितो, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, गरीबो व किसानों के हक के साथ खिलवाड़ कर रही है। उनकी रोजी रोटी छीनी जा रही है। उन्होंने सभी पीडीए से एक होकर आगामी 2027 में प्रदेश की जालिम सरकार को उखाड़े फेंके और बाबा साहब के संविधान की रक्षा करे। कार्यक्रम में उदयवीर यादव, विजयपाल यादव, छेदीलाल गुप्ता, धर्मेंद्र खेगर, शिवाकांत प्रजापति, अखिलेश पाल, अजीत यादव, नरेंद्र यादव, रामबदन यादव, रामबहादुर कुशवाहा, रामकरन श्रीवास, रामसनेही प्रजापति, मुन्ना गुप्ता, शिवगोपाल कुशवाहा, सुधेश यादव, मइयादीन वर्मा, अखिलेश सिंह, संतोष यादव, रामेश्वर, रामखेलावन सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## एक नजर

### डॉक्टर हत्याकांड में मृतक के पुत्र ने दी गवाही

**सुलतानपुर।** शास्त्री नगर मोहल्ले में सवा साल पूर्व हुए चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में मंगलवार को गवाह का बयान कोर्ट ने दर्ज किया। पीड़ित पक्ष के वकील संतोष पाण्डेय ने बताया कि मृत चिकित्सक और वादिनी निशा तिवारी के नौ वर्षीय पुत्र तत्सत तिवारी का बयान और जिरह कोर्ट ने दर्ज किया। उसने घटना से संबंधित आंखों देखी बात कोर्ट को बताई। 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर कोर्ट ने सामान्य आशय से हत्या, आपराधिक षडयंत्र और दहशत फैलाने के आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए आरोप तय किए थे। हत्याकांड के चौथे आरोपी विजय नारायण सिंह की बीते सात अप्रैल को प्रापर्टी के विवाद में हत्या कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष की शेष गवाही के लिए पांच फरवरी की तारीख नियत की गई है।

### गुंगवाछ हत्याकांड में गवाही जारी

**सुलतानपुर।** अमेठी के गुंगवाछ मौजा में ढाई साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्याकांड में मंगलवार को गवाह का मुख्य बयान और जिरह कोर्ट ने दर्ज किया। आरोपी प्रधान आशा तिवारी के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि एडीजे एकता वर्मा की कोर्ट में बुधवार को भी गवाह से जिरह होगी। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के पूरे राजापुर मौजा गुंगवाछ निवासी पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, पूर्व प्रधान अमरेश यादव व पत्नी नइका की चुनावी रंजिश में 15 मार्च 2022 को हत्या कर दी गई थी।

### शिक्षा के मंदिर में गुरु जी की नूराकुश्ती बटोर रही सुर्खी

**सुलतानपुर।** शिक्षा के मंदिर में गुरु जी की पटका पटकी चर्चा ए आम हो गई है। सोशल मीडिया पर अधूरा कुश्ती का वीडियो वायरल हुआ है। मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रथम दृश्य प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय के कर्मचारियों का वेतन रोक दिया है। वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है पूरा मामला सुल्तानपुर जिले के लंभुआ तहसील अंतर्गत तुलसी नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट विद्यालय पटखौली से जुड़ा हुआ है। जहां पर बात ही बात में प्रभारी प्रधानाचार्य राजकुमार गुप्ता और शिक्षक राम गोपाल के बीच कहा सुनी सुनी हो गई। कहासुनी थोड़ी देर में ही विवाद में बदल गई और मारपीट शुरू होने लगी। शिक्षा के मंदिर में पटका पटकी देखते ही हड़कंप मच गया। थोड़ी देर में शिक्षकों का मौके पर जमावड़ा लग गया और कर्मचारी भी देखते ही देखते पड़ोस के लोग भी मौके पर आ गए। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से पूरे विद्यालय के समस्त स्टाफ का वेतन रोक दिया है और 3 दिन में पूरी रिपोर्ट खंड शिक्षा अधिकारी से तलब की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। शिक्षा के मंदिर में गुरु जी की यह हरकत बेहद शर्मसार कर रही है। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने कहा कि सभी कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी लंभुआ को नामित किया गया है। 3 दिन के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

### विशेष कोर्ट से दुराचार के आरोपी को राहत

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के 10 माह पूर्व अपहरण, दुराचार व अपमानित करने के आरोपी अभिनाश कोरी को न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी के वकील रुद्र प्रताप सिंह मदन ने कहा कि उस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। कथित पीड़िता के बयानों में विरोधाभास है और घटना का कोई स्वतंत्र साक्षी नहीं है। कोर्ट ने पीड़िता के बयान एवं अधिवक्ता के तर्कों के आधार पर आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

### अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में गवाही जारी

**सुलतानपुर।** शहर के चर्चित अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की गवाही मंगलवार को एससी - एसटी की विशेष कोर्ट में दर्ज की गई। न्यायाधीश राकेश पांडेय की कोर्ट में गवाह से वकील संतोष पाण्डेय ने जिरह की। जल निगम ग्रामीण के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की कोतवाली नगर के विनोबापुरी मोहल्ले में किराए के मकान में बीते 17 अगस्त को हत्या कर दी गई थी वे बलिया जिले के रतसड़ कला गांव निवासी थे। पीड़ित पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कि मृतक के भाई संजय कुमार की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमें में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व साथी प्रदीप राम के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। घटना के बाद गिरफ्तार दोनों आरोपी जेल में बन्द हैं। कोर्ट ने शेष साक्ष्य के लिए 30 जनवरी की तारीख नियत की है।

### 2.75 करोड़ की चरस के साथ दो लोग गिरफ्तार

**भदैया (सुलतानपुर)।** एसटीएफ और कोतवाली देहात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करों का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने मंगलवार को अभियाकला के पास से एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 5 किलो 528 ग्राम चरस बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस चरस की कीमत 2 करोड़ 75 लाख रुपये आंकी जा रही है। कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, एसटीएफ वाराणसी से मिली सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिहार के सुपौल जिले के गुडडूवाड़ी निवासी संतोष कुमार झा और वाराणसी के चितईपुर थाना क्षेत्र के कंदवा की रहने वाली शिखा वर्मा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वह नशीला पदार्थ वाराणसी में खपाने की योजना बना रहे थे। पुलिस दोनों आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। मामले में केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा

**सुलतानपुर।** अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र के बताशा मंडी में चार साल पूर्व विजय पांडेय की हत्या करने के मामले में न्यायाधीश एकता वर्मा ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। बीते गुरुवार को तीन आरोपियों को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया गया था जहां से तलब कर मंगलवार को सजा सुनाई गई। अभियोजन के मुताबिक नौ अक्टूबर 2021 को वादी मुकदमा रवींद्र प्रताप पांडेय का पुत्र विजय पांडेय बताशा मंडी गौरीगंज गया था जहां से नहीं लौटा तो खोजबीन की गई। पता चला कि चाकू से आरोपियों ने हमला कर विजय पाण्डेय गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। कोर्ट ने दोषी अक्षय तिवारी उर्फ गोली, अंकित तिवारी और खेमचंद को आजीवन कारावास के साथ ही प्रत्येक दोषी पर 55 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

### पूर्व विधायक पर नहीं तय हुए आरोप

**सुलतानपुर।** चांदा विधानसभा सीट के पूर्व विधायक सफदर रजा पर मतदान में गड़बड़ी करने के मुकदमे में एमपी - एमएलए कोर्ट में आरोप तय नहीं हो सके। पूर्व विधायक पर 1997 के लोकसभा चुनाव के दौरान पीपरपुर में मतदान में गड़बड़ी के आरोप में केस दर्ज हुआ था। सरकारी वकील कालिका प्रसाद मिश्र ने आरोपियों के नहीं आने के कारण उन पर वारंट जारी करने की मांग की। उधर धम्मौर थाना क्षेत्र के भाई में 10 साल पूर्व पैमाइश करने गए लेखपाल से अभद्रता, सरकारी काम में बाधा और अन्य आरोपों में भी पूर्व विधायक के खिलाफ जारी केस में गवाह नहीं आने से कार्यवाही नहीं हो सकी। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने दोनों मामलों की सुनवाई पांच फरवरी के लिए नियत की है।

### बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन

**कादीपुर (सुलतानपुर)।** प्राथमिक विद्यालय उडुरी में आयोजित दो दिवसीय बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में आरुषि मौर्य ने प्रथम स्थान और अदिति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अनामिका को रनर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। आयोजक सुहेल शेख ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और 15 अन्य बालिका खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पंकज यादव ने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं में भी अपार प्रतिभा छिपी हुई है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने में सहायक सिद्ध होंगी इस अवसर पर दीपक प्रजापति, शिवम, आदित्य सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### विवाद में मारपीट, सास-बहू घायल, चार पर मुकदमा

**कादीपुर (सुलतानपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर (पांडे का पूरा) गांव में पट्टीदारी विवाद को लेकर हुई मारपीट में सास और बहू गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, आशा पांडे पत्नी विकास पांडे और उनके परिवार का गांव के ही वीरेंद्र पांडे से लंबे समय से पट्टीदारी को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि 26 जनवरी की सुबह 6:30 बजे वीरेंद्र पांडे और उनके परिजन गालियां देते हुए पीड़िता के घर के सेहन दरवाजे पर पहुंचे। मना करने पर विपक्षियों ने सास राजकुमारी को मारपीट कर घायल कर दिया।

# ब्राह्मण चेहरे पर बीजेपी लगा सकती है दांव

शशिकांत दूबे



सुशील त्रिपाठी | जगजीत सिंह छंगू | शशिकांत पाण्डेय | आनंद द्विवेदी | संत बख्स सिंह चुन्नू | रुपेश सिंह | विजय सिंह रघुवंशी | बबिता तिवारी | प्रीति प्रकाश सिंह

**सुलतानपुर।** जिलाध्यक्ष पद के लिए बीजेपी में मंथन का दौर जारी है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद नए जिलाध्यक्ष की घोषणा में पेंच फंसा हुआ है। पार्टी विभिन्न दावेदारों के नाम पर विचार कर रही है। पार्टी में इस बार ब्राह्मण चेहरा पर जोर दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। जातीय समीकरण उलझा तो पूर्व जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह उर्फ छंगू को भी फायदा मिल सकता है।

भाजपा के अंदर हलचल तेज हो गई है और कई प्रमुख नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं, जिनमें सुशील त्रिपाठी, संत बक्स सिंह चुन्नू, कृपा शंकर मिश्र, आनंद द्विवेदी, शशिकांत पाण्डेय, विजय सिंह रघुवंशी, रुपेश सिंह, विनय सिंह सोमवंशी, आलोक आर्या, सुभाष चंद्र, डॉ. प्रीति प्रकाश सिंह, सुमन सिंह, पूजा कसौधन, बबिता तिवारी, अजय जायसवाल, ज्ञान प्रकाश जायसवाल, सुनील वर्मा जैसे कई दावेदार शामिल हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार जिले में ब्राह्मण समुदाय से किसी चेहरे को जिलाध्यक्ष बना सकती है, ताकि समुदाय का विश्वास पार्टी की ओर आकर्षित किया जा सके।

पार्टी के भीतर इस बारे में चर्चा तेज है और ये नाम उस दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पार्टी किसे यह

» जिलाध्यक्ष को लेकर चल रहा मंथन, प्रमुख दावेदारों की उड़ी नींद

» जातीय समीकरण उलझा तो पूर्व अध्यक्ष छंगू को मिल सकता है लाभ

जिम्मेदारी सौंपती है और किसके नेतृत्व में बीजेपी अपने प्रभाव को और मजबूत करने में सफल होती है। पार्टी सूत्रों की माने तो क्षत्रिय और ब्राह्मण के बीच पेंच फंसा हुआ है। जिसका तोड़ निकालने में हाई कमान को भी मशक्कत करनी पड़ रही है। मामला सुलझा नहीं तो निर्विवाद चेहरा भी सामने आ सकता है। जिसमें पूर्व जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह उर्फ छंगू का नाम सबसे आगे है। फिलहाल अगले एक पखवाड़े में केंद्र और प्रदेश में सत्तारुढ़ भाजपा के जिला अध्यक्ष पद की तस्वीर साफ होने की उम्मीद जताई जा रही है।

**आगे से पीछे हो सकते हैं सुशील**

जिलाध्यक्ष की रेस में सबसे आगे चल रहे काशी प्रांत के क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी का बैकग्राउंड उनका नेगेटिव प्वाइंट साबित हो सकता है।

एक और जहां पर्चा दाखिल करने वाले सभी प्रत्याशी जिले के हैं वहीं श्री त्रिपाठी बाहरी जिले के हैं। बड़े नेताओं से भले ही उनकी नजदीकी हो, लेकिन कार्यकर्ताओं से दूरी भी उन्हें भारी पड़ सकती है। बताया जाता है कि काशी का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है, लेकिन लखनऊ में उनके नाम पर ही पेच फंसा हुआ है।

## खाकी पर हमले में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कुड़वार (सुलतानपुर)।** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में सोमवार शाम पुलिसकर्मियों पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने आरक्षी अनुज कुमार तिवारी की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों सहित अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें बनाकर दबिश देना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक राम बाबू सिंह और आरक्षी अनुज कुमार तिवारी देर शाम गश्त से लौटते वक्त बाइक सवार दो युवकों के हमले का शिकार हो गए। दोनों युवक, जिनकी पहचान अभय प्रताप सिंह और अमरनाथ तिवारी के रूप में हुई है, पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान भागने के बाद गुस्से में आकर पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला कर दिया। उपनिरीक्षक राम बाबू सिंह का इलाज लखनऊ में चल रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान वर्मा ने बताया कि आरोपी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

# केएनआईटी के रिटायर्डकर्मी सहित तीन घरों में लाखों रुपये की चोरी

## आहतकर्मी की हार्ट अटैक से मौत, कस्बावासियों में दहशत


विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** केएनआईटी के रिटायर्ड कर्मचारी धर्मेंद्र दुबे के घर से चोरों ने लाखों के गहने और नकदी चुरा लिए। किडनी की बीमारी का इलाज कराकर वापस लौटने पर चोरी की जानकारी हुई तो हार्टअटैक होने से रिटायर्ड कर्मी की मौत हो गई।

बिहार राज्य के गोपालपुर जिले के निवासी धर्मेंद्र दुबे केएनआईटी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद से रिटायर हुए थे। वह शहर से सटे कोतवाली नगर के कस्बा में मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे और बीते कुछ दिनों से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। बीते शुक्रवार को पुत्र आशुतोष और परिवार वाले धर्मेंद्र दुबे को डायलिसिस के लिए लखनऊ के एक अस्पताल ले गए थे। सोमवार की रात नौ बजे जब परिवार के साथ वापस लौटे तो घर का ताला टूटा मिला और चोरी की जानकारी हुई। घटना से आहत रिटायर्ड कर्मी को दिल का दौरा पड़ गया। जिले के स्वायत्तशासी मेडिकल कालेज में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



घटनास्थल का निरीक्षण करते चौकी प्रभारी



मृतक धर्मेन्द्र दुबे की फाइल फोटो

मृतक के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी जिसमें करीब 10 लाख रूपए के जेवर और नकदी चोरी होने की बात कही है। केएनआईटी चौकी प्रभारी संजय सिंह ने छानबीन शुरू कर दी है। चोरी किस रात हुई इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर बाउंड्री वॉल कूदकर घर में घुसे थे। कई कमरों के दरवाजों का ताला टूटा हुआ था। परिवारवालों ने मंगलवार को मृतक का अन्तिम संस्कार कर दिया। उधर कस्बे में ही अनवारुल हक का अहाते में लगा सबमर्सिबल पम्प चोरों ने निकाल लिया। तीसरी घटना में बेलाल अहमद के निर्माण संबंधी औजार चोरी हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को सूचना दी है। तीनों घटनाएं केएनआईटी पुलिस चौकी से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर हुईं जिससे मोहल्लेवासियों में दहशत है। मोहल्ले के रामलाल वर्मा, राकेश तिवारी, सौरभ, लक्ष्मीकांत दुबे, विवेक श्रीवास्तव, कैप्टन चौबे आदि ने प्रशासन से रात में पुलिस गश्त और सुरक्षा की मांग की है।

चौकी प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जल्द ही चोरियों का खुलासा होगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, परिवार में कोहराम

विश्ववार्ता संवाददाता

**जयसिंहपुर(सुलतानपुर)।** अयोध्या-प्रयागराज मार्ग पर सोमवार की रात अंगलाकोल के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत की खबर से परिवारजन का रो-रोकर हाल बेहाल है।

दोस्तपुर थाने के खालिसपुर दुर्गा निवासी ऋषभ द्विवेदी बस्ती जिले में अपने रिश्तेदार के होटल की देखभाल करता था। उसकी मां अनीता द्विवेदी सुल्तानपुर में पीआरडी जवान है। वह शहर में ही किराए के मकान में रहती हैं। सोमवार शाम को ऋषभ बस्ती से सुल्तानपुर के लिए बाइक से निकला था। रात करीब 9:30 बजे गोसाईगंज थाने के अंगलाकोल के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में ऋषभ गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने अपने वाहन से ऋषभ को मेडिकल कालेज सुल्तानपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ऋषभ तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर पर था। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। कूरेभार पहुंचने पर ऋषभ ने अपनी मां



फाइल फोटो मृतक ऋषभ

को फोन कर घर आने की सूचना देते हुए अपने लिए भी भोजन बनाने की बात कही थी।

मां भोजन बनाकर बेटे के आने का इंतजार कर रही थी। लेकिन थोड़ी देर बाद ही बेटे की मौत की सूचना से वह बेसुध हो गई। पिता की मौत के बाद से ऋषभ ने परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले रखी थी। अचानक उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थानाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया तहरीर प्राप्त कर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट में चार घायल, 17 नामजद सहित कई पर केस

**कादीपुर( सुलतानपुर)।** नाली विवाद को लेकर हुए विवाद में मारपीट के दौरान चार लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने 17 नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के मझगवा (हुसुनपुर) गांव में पीड़ित सभापति का विपक्षियों से नाली को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि 24 जनवरी को विपक्षियों ने एक राय होकर लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और चाकू से लैस होकर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने नल और कुएं पर तोड़फोड़ की। विरोध करने पर सभापति पर चाकू से हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव में अन्य भी घायल सभापति को बचाने आए हरीलाल, गोल्डी और अंजनी को भी हमलावरों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि विपक्षियों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और घर में रखे बर्तनों को कुएं में फेंक दिया। इतना ही नहीं, तीन मोबाइल फोन, मोटर सॉकेट, 20,000 रुपये नगद और दो बकरियां भी उठा ले गए। सभापति की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को गांव के लालचंद, बालचंद, सचिन, मोनू, राहुल, राजित राम, करिया, दिनेश, उर्मिला, मनोरमा, अनीता, जसोदा, अमरावती, फूल कली, संग्राम, शीतलू, विनोद सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व विधायक गरिमा सिंह मामले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही

**सुलतानपुर।** अमेठी की पूर्व विधायक गरिमा सिंह पर जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट में मंगलवार को रिटायर्ड दरोगा और विवेचक रहे मृत्युंजय पाल सिंह ने कानपुर पुलिस लाइन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए गवाही दर्ज कराई। गौरीगंज के प्रभारी निरीक्षक रहे आरपी शाही ने छह फरवरी 2017 को विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान बिना अनुमति सैकड़ों समर्थकों के साथ माधवपुर रोड पर जुलूस निकालने के आरोप में पूर्व विधायक गरिमा सिंह उनके पुत्र अनन्त विक्रम सिंह और समर्थकों पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था। ये मामला अभियोजन साक्ष्य में है।

## मौनी अमावस्या को लेकर उमड़ा आस्था का सैलाब

विश्ववार्ता संवाददाता

**जयसिंहपुर(सुल्तानपुर)।** मौनी अमावस्या के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज और अयोध्या जा रहे हैं। जिससे राजकीय और राष्ट्रीय राजमार्ग पर दबाव बढ़ गया है। पिछले दो दिन से बाजारों और चौराहों पर जाम की स्थिति उत्तपन्न हो रही है। इतना ही नहीं लिंक रोड पर भी वाहनों का भारी दबाव है।

सोमवार और मंगलवार को टांटिया नगर बाइपास, द्वारिकागंज, कटका बाजार, इटकौली समेत अन्य स्थानों पर सुबह से लेकर शाम तक पुलिस कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। सड़क पर दबाव कम हो इसके लिए कई जगह रूट डायवर्जन करना पड़ा। जिससे बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को भटकना पड़ा। टांटिया नगर बाइपास, बगियागांव चौराहा, पीढ़ी में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पुलिस कर्मी जूझते नजर आए। सोमवार को सुबह से लेकर मंगलवार शाम तक महाराष्ट्र, हरियाणा, बंगाल, पंजाब, दिल्ली



पीढ़ी मार्ग पर नन्दीधाम से बगियागांव तक लगा लंबा जाम

समेत अन्य कई राज्यों के सैकड़ों वाहन बरौंसा वाया पीढ़ी होते हुए आयोध्या की तरफ जाते दिखाई पड़े। पीढ़ी रोड़ वाहन रेंगते नजर आए। सड़क पर सफर करने वाले मुसाफिरों को 10 किलोमीटर की दूरी तय करने में दो से तीन घण्टे का समय लग रहा है।

## गो संरक्षण केंद्र के लोकार्पण के दौरान विधायक बिफरे

विश्ववार्ता संवाददाता

**जयसिंहपुर(सुलतानपुर)।** सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय मंगलवार को गुरेगांव में गो संरक्षण केंद्र के लोकार्पण के दौरान अधिकारियों पर भड़क उठे। उन्होंने संबंधित मंत्री से वीडियो कॉलिंग पर बात करते हुए घटिया निर्माण की शिकायत दर्ज कराई। साथ ही प्रकरण से मुख्यमंत्री को अवगत कराने की बात कही है।

भाजपा विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राजबाबू के प्रयास से जयसिंहपुर विकास क्षेत्र के गुरेगांव में आठ सौ गोवंशों के लिए दो गो संरक्षण केंद्र की बनाने की मंजूरी शासन ने दी थी। मंगलवार को संबंधित विभाग के मंत्री धर्मपाल द्वारा वीडियो कॉलिंग के माध्यम से नवनिर्मित गो संरक्षण केंद्र का लोकार्पण किया जाना था। जिसमें शामिल होने सदर विधायक गुरेगांव पहुंचे थे। जब वीडियो कॉलिंग के माध्यम से मंत्री ने गो संरक्षण केंद्र का लोकार्पण किया तो उसी दौरान विधायक ने मंत्री से खराब निर्माण की बात कही। उन्होंने मंत्री से कहा कि स्थानीय लोगों ने निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत की थी। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास के जेई और संबंधित ठेकेदार ने मामले को गंभीरता से नही लिया। इस



गो संरक्षण केंद्र के लोकार्पण के दौरान मौजूद विधायक व अन्य।

मामले की शिकायत वह मुख्यमंत्री से करेगें। विधायक ने कहा गुरेगांव में तीन करोड़ बीस लाख चौबीस हजार की लागत से निर्मित दो गो संरक्षण केंद्र से किसानों को राहत मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर शुक्ला रिंकू, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक तिवारी, दिवाकर तिवारी जेई, बीडीओ निशा तिवारी, मंडल अध्यक्ष रामजीत पाल, मंडल महामंत्री रत्नेश तिवारी, हरिशंकर वर्मा, राम केश यादव, प्रधान प्रतिनिधि पिंकू सिंह, गुड्डू उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डोगरा रेजीमेंट अयोध्या ने फाइनल में रायबरेली को हराया

विश्ववार्ता संवाददाता

**जयसिंहपुर(सुलतानपुर)।** खरसोमा में आयोजित स्व. बाबू हवलदार सिंह स्मारक राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच डोगरा रेजीमेंट आयोध्या ने जीता। अयोध्या की टीम ने तीन सेटों के खेले गए मैच में रायबरेली को सीधे दो सेटों में हराकर ट्राफी अपने नाम कर लिया।

उद्घाटन मैच खरसोमा ए और अयोध्या हॉस्टल के बीच खेला गया। जिसमें खरसोमा की टीम ने जीत दर्ज की। सेमी फाइनल में डोगरा रेजीमेंट अयोध्या ने बाराबंकी और रायबरेली ने आजमगढ़ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। डोगरा रेजीमेंट अयोध्या ने सीधे दो सेट 25-19 और 26-24 से जीत कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य स्तरीय खिलाड़ी रह चुके हरिश्चंद्र पांडेय ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा की ग्रामीण स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताएं हमारे युवाओं की प्रतिभा को निखारने का काम करेंगी। मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि कूरेभार नवनीत सिंह सोनू से आयोजक मंडल के सदस्यों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी व 15 हजार और उपविजेता टीम को दस हजार नकद पुष्कर देकर सम्मानित किया। आयोजक मंडल के सदस्य अरविंद सिंह ने अतिथियों व खिलाड़ियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, परविंदर सिंह, संपूर्णानन्द पांडेय, स्वामी शरण, अमन, सुरेन्द्र सिंह, कामरान, संजय सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## महाकुंभ मेला असर : 30 जनवरी से 1 फरवरी तक विद्यालयों में रहेगा अवकाश

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में आगामी 30 जनवरी 2025, 31 जनवरी 2025 और 1 फरवरी 2025 तक छात्र-छात्राओं का अवकाश रहेगा। महाकुंभ मेला के दौरान श्रद्धालुओं के आने-जाने की वजह से आवागमन प्रभावित हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। हालांकि, इस अवधि में शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विद्यालय और कार्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। कर्मचारियों को निर्धारित समय में कार्यालयी कार्य जैसे अपार आईडी आदि को पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों से इस आदेश का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है।

कार्यक्रम | राम रतन सोनी को सर्वसम्मति से पार्टी का दोस्तपुर अध्यक्ष चुना गया

# वैश्य एकता के नारों से गूंजा दोस्तपुर

विश्ववार्ता संवाददाता

**दोस्तपुर (सुलतानपुर)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दोस्तपुर में अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी द्वारा व्यापारी वर्ग को संगठित करने के लिए एक भव्य सभा का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम नई बजार स्थित गेस्ट हाउस में संपन्न हुआ, जिसमें व्यापारियों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में राम रतन सोनी को सर्वसम्मति से पार्टी का दोस्तपुर अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी का गठन करते हुए श्याम लाल अग्रहरि को महासचिव, मनीष अग्रहरि को प्रभारी, राजेश जायसवाल को उपाध्यक्ष, सोनू कसौधन को मंत्री, दुर्गेश कसौधन को कोषाध्यक्ष, राजू कसौधन को संगठन मंत्री, संदीप उर्फ मोनू चौरसिया को



नव मनोनीत पदाधिकारियों के बीच वरिष्ठ जन

प्रचार मंत्री, राहुल ठठेरा और चंदन गुप्ता को मंत्री, तथा सचिव भारती को मीडिया प्रभारी का कार्यभार सौंपा गया। कार्यक्रम में पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों ने शिरकत की। प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिलीप गुप्ता, प्रदेश मंत्री सुनील कसौधन, जिलाध्यक्ष राहुल कसौधन, युवा प्रदेश अध्यक्ष दीपक गुप्ता, और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने व्यापारियों ने संगठित होकर अपने हितों की रक्षा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वैश्य वर्ग, जिसे भारतीय जनता पार्टी अपना स्थायी वोटर मानती थी, अब अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के बैनर तले संगठित हो रहा है। प्रदेश मंत्री ने मंच से आगामी चुनाव के लिए बिगुल बजाते हुए वैश्य समाज को एकजुट होकर अपनी शक्ति दिखाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि व्यापारी वर्ग संगठित होकर अपने हितों की रक्षा करे और अपनी राजनीतिक ताकत को पहचाने। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामसुख भारतीय ने की। आयोजन में सैकड़ों व्यापारियों ने भाग लिया और वैश्य समाज के उत्थान के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

## विनियमित क्षेत्र का दायरा बढ़ा, बिना नक्शा पास निर्माण पर होगी कार्रवाई

विश्ववार्ता संवाददाता

**सुलतानपुर।** सदर तहसील क्षेत्र में विनियमित क्षेत्र का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब ओदरा, अंगनाकोल, सैदपुर, कमनगढ़, नकराही, परऊपुर, धरौली, लोहरामऊ, धर्मदासपुर, बल्लीपुर, घासीपुर, अहिमाने, बैजापुर, लाखीपुर, तमेड़ी, अमहट, अफलेपुर, हरिहर ईसापुर, पयागपट्टी, ढखवा, कबरी सहित आसपास के गांवों को विनियमित क्षेत्र में शामिल कर लिया गया है।

यह कदम अमृत योजनांतर्गत जीआईएस आधारित महायोजना 2031 के तहत शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है। इस योजना का उद्देश्य जिले में सुनियोजित और स्थायी विकास को बढ़ावा देना है। इस योजना के लागू होने के बाद विनियमित क्षेत्र में शामिल गांवों में अब किसी भी प्रकार का निर्माण नक्शा पास करवाए बिना नहीं किया जा सकेगा। विनियमित प्राधिकारी विपिन द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जनता को सूचित किया कि नक्शा पास करवाए बिना निर्माण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन नागरिकों को अपनी भूमि पर निर्माण संबंधी कार्य करवाना है, वे पहले नियमानुसार नक्शा पास करवाएं। विस्तृत जानकारी और आवेदन के लिए जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट sultanpur.nic.in पर विजिट कर सकते हैं।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# एक आखिरी मौका दे रहे हैं

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ का आदेश नहीं माना तो भड़क उठे सुप्रीम कोर्ट के जज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार (27 जनवरी)को जेलों में होने वाले जातीय भेदभाव से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई हो रही थी। इस दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस बात पर नाराजगी जताई कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सुप्रीम कोर्ट के पिछले आदेश की अनुपालन रिपोर्ट दाखिल क्यों नहीं की। जैसे ही बेंच के सामने केस आया, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एस. मुरलीधर ने कोर्ट को बताया कि पिछली पीठ के आदेश के मुताबिक अनुपालन रिपोर्ट 3 महीने के अंदर दायर की जानी थी लेकिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने फैसले के अनुसार अपने जेल मैनुअल को संशोधित किया है या नहीं। इसकी कोई अनुपालन रिपोर्ट रिकॉर्ड पर में नहीं आ सकी है।

यह सुनते ही जस्टिस पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच भड़क गई और कहा कि एक आखिरी मौका दे रहे हैं। पीठ ने NALSA को भी अनुपालन के संबंध में एक संयुक्त स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने इस मामले में हुए घटनाक्रम पर डॉ. मुरलीधर द्वारा दायर आवेदन को भी स्वीकार कर लिया है।

पिछले साल अक्टूबर में, देश के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने फैसला सुनाया था कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के संबंधित जेल मैनुअल/नियमों के तहत कैदियों के जाति-आधारित अलगाव के प्रावधान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 21 और 23 का उल्लंघन हैं। कोर्ट ने पिछले साल जो आदेश पारित किए थे, उनमें साफ तौर पर कहा गया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस फैसले के तीन महीने केअंदर अपने जेल मैनुअल/नियमों को संशोधित करना होगा। केंद्र सरकार को भी कोर्ट ने इस निर्णय के 3 महीने के भीतर मॉडल जेल मैनुअल 2016 और मॉडल जेल और सुधार सेवा अधिनियम, 2013 में जाति-आधारित भेदभाव को दूर करने के लिए आवश्यक परिवर्तन करने का निर्देश



दिया था। कोर्ट ने ये बी कहा था कि जेलों के अंदर बंद विचाराधीन और/या दोषी कैदियों के रजिस्टर में 'जाति' कॉलम और जाति का उल्लेख हटाना होगा।

इस आदेश के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जेलों में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर भेदभाव और वर्गीकरण की जांच करने के लिए पिछले साल के अंत में ही जेल नियमावली में संशोधन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को भेजे गए पत्र में कहा है कि कैदियों के साथ किसी भी तरह के जाति आधारित भेदभाव के मुद्दे को सुलझाने के लिए ''आदर्श कारागार नियमावली, 2016'' और ''आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023'' में संशोधन किया गया है।

केंद्र ने राज्यों से ये भी कहा था कि कैदियों के साथ जाति आधारित भेदभाव पर उच्चतम न्यायालय के तीन अक्टूबर, 2024 के आदेश के मद्देनजर ये बदलाव किए गए हैं और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से भी जेल मैन्युअल में संशोधन करने को कहा था लेकिन अभी तक राज्यों ने ऐसा नहीं किया। कारागार नियमावली में किए गए नए संशोधन के अनुसार, जेल अधिकारियों को सख्ती से यह सुनिश्चित करना होगा कि कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर कोई भेदभाव, वर्गीकरण या अलगाव न हो।

समें कहा गया है, ''यह सख्ती से सुनिश्चित किया जाएगा कि जेलों में किसी भी ड्यूटी या काम के आवंटन में कैदियों के साथ उनकी जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो।''आदर्श कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2023 के 'विविध' में भी बदलाव किए गए हैं, जिसमें धारा 55(ए) के रूप में नया शीर्षक 'कारागार एवं सुधार संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव का निषेध' जोड़ा गया है।




# चीन की नई तकनीक ने अमेरिका के होश उड़ाये

## दूसरों को टेंशन देने वाले ट्रंप भी हुए परेशान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ की धमकियों की बीच चीन ने अपने नए डीप सिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल को आगे कर दिया है। इससे दोनों देशों के बीच अब व्यापार युद्ध के बीच तकनीकी युद्ध बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। दरअसल, डीप सिक एक चीनी एआई स्टार्टअप ऐप है, जिसकी स्थापना 2023 में चीन के हांग्जो में हुई है। 20 जनवरी को अपने ओपन सोर्स आर 1 मॉडल की रिलीज के बाद यह दुनियाभर के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। डीप सिक स्टोर के डाउनलोड के शीर्ष पर पहुंच चुका है, जिसने निवेशकों को चौंका दिया है और कुछ अमेरिकी तकनीकी शेयरों को डुबो दिया है। इससे अमेरिका में हड़कंप मचा हुआ है। अमेरिका के साथ इस एआई तकनीक युद्ध में डीपी सिक को गुप्त चीनी हथियार के रूप में प्रचारित किया जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे देखते हुए अमेरिकी आईटी कंपनियों से जागने का आह्वान किया है। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी कंपनियों को अब इस टेक्नोलॉजी वार में जीतने के लिए प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने एक तरह से चेतावनी भी जारी की है। इस बीच, 'डीपसीक' पर सोमवार को जबर्दस्त साइबर हमला हुआ, जिससे यूजर्स को साइट पर रजिस्ट्रेशन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कंपनी ने यह जानकारी दी है।

अपने AI 'चैटबॉट' से प्रौद्योगकी क्षेत्र की दुनिया में खलबली मचाने वाली कंपनी डीपसीक ने कहा कि उसकी सेवाओं पर ''बड़े पैमाने पर दुर्भावनापूर्ण हमले'' किए गए हैं। डीपसीक ने कहा कि पंजीकृत उपयोगकर्ता सामान्य रूप से लॉग इन कर सकते हैं। कंपनी का दावा है कि उसका मॉडल 'चैटजीपीटी' निर्माता ओपनएआई जैसी अमेरिकी कंपनियों के मॉडल को टक्कर देता है और उनसे अधिक किफायती है। इस साल की शुरुआत में चैटबॉट के एप्पल और गूगल ऐप स्टोर पर उपलब्ध होने से इसकी पहुंच और बढ़ गई है। डीपसीक का 'एआई असिस्टेंट' आईफोन स्टोर पर सबसे अधिक डाउनलोड किया जाने वाला मुफ्त ऐप्लीकेशन बन गया है। डीपसीक ने बहुत कम लागत में एआई चैटबॉट बनाकर वॉल स्ट्रीट और सिलिकन वैली में सनसनी फैला दी है। इस वजह से चिप बनाने वाली दिग्गज अमेरिकी कंपनी एनवीडिया को सोमवार को अपने बाजार मूल्य का लगभग $600 बिलियन (482 बिलियन) का नुकसान उठाना पड़ा है, जो अमेरिकी इतिहास में एक दिन में सबसे बड़ा नुकसान है। इस अमेरिकी कंपनी के शेयरों में सोमवार को 17 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। उधर, चीन के तकनीकी विशेषज्ञ इस बात से खुश हैं कि एआई के क्षेत्र में न केवल अमेरिका की बादशाहत को खतरा पैदा हुआ है बल्कि उसकी अर्थव्यवस्था को भी इससे नुकसान पहुंचने लगा है।

# डॉक्टर को किडनैप कर मांगी छह करोड़ की फिरौती

» फिर खुद 300 रुपये देकर छोड़ दिया

एजेंसी

**बंगलुरू।** कर्नाटक के बल्लारी जिले के अस्पताल में कार्यरत एक बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. सुनील (45), का शनिवार सुबह अपहरण कर लिया गया। उन्हें किडनैप करने वालों ने उनके भाई से 6 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी। हालांकि, कुछ घंटों बाद डॉक्टर को 300 रुपये देकर घर लौटने के लिए छोड़ दिया गया।

यह घटना सुबह करीब 6 बजे हुई, जब डॉ. सुनील सूर्यनारायणपेट के शनैश्वरा मंदिर के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। पुलिस के अनुसार, एक गिरोह टाटा इंडिगो कार में आया, उन्हें जबरन गाड़ी में बिठाया और वहां से फरार हो गया। इस पूरी घटना को सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड किया गया है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, अपहरण के बाद, डॉ. सुनील के भाई, वेणुगोपाल गुप्ता, को अपहरणकर्ताओं ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए संपर्क किया। वेणुगोपाल जिला शराब व्यापारियों के संघ के अध्यक्ष हैं। उनसे 6 करोड़ रुपये की फिरौती और इसमें से आधी रकम सोने के रूप में देने की मांग की गई। गुप्ता ने तुरंत पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और जिले के सभी एग्जिट पॉइंट्स को ब्लॉक कर दिया। लेकिन, शाम करीब 8 बजे, अपहरणकर्ताओं ने डॉक्टर को एक सुनसान इलाके में छोड़ दिया और उन्हें घर लौटने के लिए 300 रुपये दिए।

पुलिस अधिकारी ने बताया, "डॉ. सुनील गहरे सदमे में हैं। अपहरणकर्ताओं को पकड़ने के लिए हमारी तलाश जारी है। साथ ही, हम उनसे जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। चूंकि उनके भाई शराब के व्यवसाय में हैं, हम यह भी जांच कर रहे हैं कि कहीं इस अपहरण के पीछे कोई व्यावसायिक दुश्मनी तो नहीं है।" फिलहाल, पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है और अपहरणकर्ताओं का सुराग जुटाने में लगी हुई है।

